PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 220 ● भिलाई, मंगलवार 10 मार्च 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### नशामुक्ति केंद्र में दरिंदगी, दवा खाने से किया इनकार तो स्टाफ ने ही लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर से एक बेहद दर्दनाक और इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जिस नशामुक्ति केंद्र में लोग अपने परिजनों को नई जिंदगी मिलने की आस में छोड़ते हैं, वहीं रक्षक ही भक्षक बन गए। यहाँ इलाज कराने आए एक 32 वर्षीय मरीज को अस्पताल के कर्मचारियों ने ही इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। इस खौफनाक वारदात ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी है और स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर चल रहे इन केंद्रों की सुरक्षा पर बड़े और गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, यह रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना डुमास इलाके में स्थित 'रीवा व्यसन मुक्ति और पुनर्वास केंद्र' में हुई है। मृतक की पहचान 32 वर्षीय धवल राठौड़ के रूप में हुई है, जिसे इसी साल 28 फरवरी को नशा छुड़ाने के लिए इस रिहैब सेंटर में भर्ती कराया गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) श्वेता डेनियल ने बताया कि धवल ने जब केंद्र में दी जा रही दवा खाने से मना किया, तो वहां मौजूद स्टाफ बुरी तरह भड़क गया।

### मशहूर रैपर बादशाह के नए गाने ने बढ़ाई मुश्किलें

**चंडीगढ़।** बॉलीवुड के मशहूर रैपर आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया उर्फ 'बादशाह' एक बार फिर बड़े विवाद में फंस गए हैं और इस बार मामला सीधा महिला आयोग की चौखट तक पहुंच गया है। हाल ही में रिलीज हुए हरियाणवी लोकगीत 'टटीरी' के रैप वर्जन को लेकर हरियाणा राज्य महिला आयोग ने बेहद सख्त रुख अपनाते हुए बादशाह को समन जारी कर तलब किया है। बादशाह पर आरोप है कि उन्होंने अपने नए म्यूजिक वीडियो में सरकारी स्कूल की यूनिफॉर्म पहने छोटी बच्चियों को बस के ऊपर चढ़ाकर डांस करवाया और उनके हाथों से स्कूल के बैग फिंकवाए हैं। इसके अलावा गाने में इस्तेमाल की गई अभद्र भाषा ने पूरे मामले को और भी ज्यादा गर्मा दिया है। इस पूरे विवाद की जड़ गाने के दृश्य और उसके भद्दे बोल हैं।

लखपति दीदी अभियान

## छत्तीसगढ़ की महिलाएं लिख रही समृद्धि की नई कहानी-साय

■ छत्तीसगढ़ की महिलाएं आत्मनिर्भरता और नवाचार से बना रही हैं नई पहचान

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता, मेहनत और नवाचार के बल पर नई पहचान बना रही हैं और हमारी सरकार उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'लखपति दीदी संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आई स्व-सहायता समूह की हजारों महिलाएं और लखपति दीदियां उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है और जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का निवास होता है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं घरों तक सीमित रहती थीं, लेकिन आज प्रदेश की महिलाएं स्व सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन का लक्ष्य लखपति दीदियों को और अधिक सशक्त बनाकर गांव की प्रत्येक महिला को लखपति बनाना और भविष्य में



लखपति ग्राम का निर्माण करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में 10 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 8 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में 10 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के लोगों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर चुकी है और इनके निर्माण में बिहान की दीदियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत लगभग 70 लाख माताओं-बहनों को 24 किश्तों में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है तथा इस वर्ष के बजट में इसके लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लखपति दीदी योजना से प्रदेश की 5 लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं और अब लखपति दीदी भ्रमण योजना शुरू कर उन्हें देश-प्रदेश के व्यावसायिक केंद्रों और शक्ति पीठों का भ्रमण कराया जाएगा।

### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 35वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री वैभवी अग्रवाल को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 35वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री वैभवी अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री वैभवी को मिठाई खिलाकर उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुश्री वैभवी अग्रवाल ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वैभवी की यह सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

भाजपा के चाणक्य ने भेजा बुलावा

## बिहार में बढ़ गई हलचल, सम्राट चौधरी बनेंगे बिहार के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को दिल्ली बुलाया है। सम्राट रविवार को शाह से मिलने पटना से दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन के बाद बिहार में नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर चर्चा चल रही है। चर्चा है कि अगला मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी से होगा। अमित शाह ने सम्राट चौधरी को दिल्ली क्यों बुलाया? इसका कोई साफ कारण सामने नहीं आया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह नई सरकार बनाने पर चर्चा कर सकते हैं। सम्राट बिहार में नीतीश कुमार की अगुवाई वाली हुई



सरकार में नंबर दो की हैसियत रखते हैं। वह राज्य का सबसे अहम माना जाने वाला गृह विभाग भी संभालते हैं, जो पहले नीतीश कुमार के पास था। खबर है कि भाजपा की टॉप लीडरशिप ने संभावित मुख्यमंत्री पर चर्चा शुरू कर दी है। नीतीश कुमार के राज्यसभा सांसद बनने के बाद वह बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद नई सरकार बन सकती है। अगले मुख्यमंत्री के बारे में आने वाले दिनों में घोषणा होने की उम्मीद है। बीजेपी की सहयोगी जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले गुरुवार को पटना में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। नीतीश ने खुद सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। नीतीश कुमार ने कहा कि वह अपनी मर्जी से राज्यसभा जा रहे हैं।

### गोलीबारी से फिर दहला पंजाब, फॉर्च्यूनर में सवार होकर आए हमलावरों ने सरपंच पर की फायरिंग

**मोगा।** पंजाब के मोगा जिले के कस्बा बाघा पुराना में शुक्रवार को दिनदहाड़े फायरिंग की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस हमले में दोहदर गांव के मौजूदा सरपंच हैप्पी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर उनकी हालत नाजुक बता रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ अज्ञात हमलावर एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में आए और उन्होंने सरपंच हैप्पी पर अचानक कई गोलियां चलाईं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गोली लगने से सरपंच हैप्पी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घुसपैठियों को लेकर राहुल गांधी पर हमला

## अमित शाह का एलान जो देश का नागरिक नहीं उसे बाहर करेंगे

देहरादून/ एजेंसी

उत्तराखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने पांच लोगों को भारत की नागरिकता के प्रमाणपत्र दिए। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए घुसपैठियों को लेकर अमित शाह ने राहुल गांधी पर हमला किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जो देश का नागरिक नहीं, उसे बाहर किया जाएगा। गृहमंत्री शाह ने कहा कि घुसपैठ को भारत से बाहर निकालेंगे। केदारनाथ से कन्या कुमारी तक, राहुल बाबा को जितना विरोध करना है करें। उन्हें



हर चीज में नकारात्मक दिखती है। नौ साल में भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। हरीश रावत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। देश से तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त किया। समान नागरिक संहिता कानून को लागू करने वाला उत्तराखंड देश में पहला राज्य है। जनसांख्यकीय में अप्राकृतिक वृद्धि को रोकने का काम यूसीसी करेगा। हाईपावर कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। जल्द ही यह कमेटी काम करेंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस से हिसाब मांगना चाहिए। 2014 से 2016 पूंजी निवेश का। एक लाख 87 हजार करोड़ मोदी सरकार ने दिए। 12 हजार करोड़ केदारनाथ बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री, दिल्ली-देहरादून, 30 राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया। 2009 से 2014 तक राज्य का औसत बजट 187 करोड़ था, नौ साल में भाजपा सरकार ने चार हजार 770 करोड़ का बजट पहुंचा।

पांच महिलाओं की मौत

## होली के रंग बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग

**सफीदों।** होली के रंग बनाने वाली एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में पांच महिलाओं की झुलसकर मौत हो गई। कई मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, फैक्टरी में लगभग 30 मजदूर काम कर रहे थे। साथ ही बताया जा रहा है कि गंभीर घायलों को पानीपत सिविल अस्पताल भेजा गया है। वहीं, मजदूरों ने बताया कि हादसे के समय कंपनी में बाहर की तरफताला लगा हुआ था कोई भी मजदूर भागने नहीं पाया। घायलों को दो एंबुलेंस की सहायता से जींद नागरिक अस्पताल लाया गया। पहली एंबुलेंस से तीन घायलों को अस्पताल लाया गया। इनमें सफीदों निवासी रानी (45) पत्नी अनिल कुमार, जगबीर (40) पुत्र चंद्रभान निवासी आदर्श कॉलोनी सफीदों तथा पवन कुमार (30) पुत्र बालवीर निवासी निसंग, जिला करनाल शामिल हैं। वहीं जगबीर और पवन कुमार को भी उपचार के लिए भर्ती किया गया है। इसके अलावा सफीदों से ही कश्मीरी (39) पत्नी लाभ सिंह निवासी शिव कॉलोनी तथा कमलेश (54) पत्नी रमेश निवासी गीता कॉलोनी को भी झुलसने की हालत में नागरिक अस्पताल जींद

### पंजाब में सस्ती हुई बिजली, फी यूनिट से ज्यादा खपत करने पर भी बिल आएगा कम

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए बिजली दरों में कटौती का ऐलान किया है। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से पूरे पंजाब में लागू होंगी। सरकार के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरों में प्रति यूनिट 1.5 रुपये तक कमी की गई है, जिससे लाखों उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आएगी। पंजाब सरकार पहले से ही घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। दो महीने के बिलिंग साइकिल के कारण यह सुविधा 600 यूनिट तक मुफ्त हो जाती है। अब नई दरें लागू होने के बाद 600 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं के बिल में भी पहले की तुलना में कमी आएगी।

ट्रंप का बड़ा ऐलान

## अमेरिका चार गुना बढ़ाएगा हथियारों का उत्पादन ईरान बोला-मरते दम तक नहीं करेंगे आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ बढ़ते युद्ध के बीच बड़ा सैन्य ऐलान किया है। ट्रंप ने अमेरिकी डिफेंस कंपनियों के साथ बैठक के बाद कहा कि अमेरिका अपने हथियारों का उत्पादन चार गुना तक बढ़ाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष आठवें दिन में प्रवेश कर चुका है और मध्य पूर्व में हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था और पिछले आठ दिनों से दोनों पक्षों के बीच लगातार हमले और जवाबी कार्रवाई हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजरायल समेत क्षेत्र के 10 से अधिक देशों को निशाना बनाया है, जबकि अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने अमेरिका की प्रमुख रक्षा निर्माण कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक की। इस बैठक में हथियारों के उत्पादन और सप्लाई शेड्यूल पर चर्चा हुई। ट्रंप के मुताबिक कंपनियां अब उत्तम श्रेणी के हथियारों का उत्पादन चार गुना तक बढ़ाने पर सहमत हो गई हैं ताकि सैन्य जरूरतों को तेजी से



पूरा किया जा सके। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास मीडियम और अपर-मीडियम ग्रेड के गोला-बारूद की लगभग असीमित आपूर्ति है। उनके अनुसार इन हथियारों का इस्तेमाल फिलहाल ईरान के खिलाफ ऑपरेशनों में किया जा रहा है और हाल ही में वेनेजुएला में भी किया गया था। दूसरी ओर, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अमेरिका की मांगों को सख्ती से खारिज कर दिया है। ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग की थी। इसके जवाब में पेजेशकियान ने कहा कि अमेरिका का यह सपना कभी पूरा नहीं होगा और ईरान किसी भी कीमत पर आत्मसमर्पण नहीं करेगा। ईरानी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि पड़ोसी देशों पर हमले तब तक नहीं किए जाएंगे जब तक उनकी जमीन का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए न किया जाए।

नेपाल में जेन-जेड ने रच दिया इतिहास

## बालेन शाह ने केपी शर्मा ओली को दी मात फिर जश्न मनाने पर क्यों लगा दी रोक.... ?

**नेपाल।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह ने नेपाल के आम चुनाव के नतीजों में बड़ी जीत हासिल की है। बालेन शाह झापा जिले के चुनाव क्षेत्र 5 से विजयी घोषित किए गए हैं। खास बात यह है कि उन्होंने नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और जाने-माने नेता केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोटों के अंतर से हराया। आखिरी वोट नतीजों के मुताबिक, बालेन शाह को कुल 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को इस चुनाव क्षेत्र में लगभग 18,000 वोट मिले। इस तरह दोनों उम्मीदवारों के बीच लगभग 50,000 वोटों का बड़ा अंतर था और बालेन शाह ने बड़ी जीत हासिल की। चुनाव नतीजों के बाद राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने अपने जीतने वाले उम्मीदवारों को एक जरूरी और अहम निर्देश जारी किया है। पार्टी ने अपने सभी चुने हुए उम्मीदवारों को जीत का जुलूस या कोई जश्न मनाने वाला कार्यक्रम न करने का आदेश दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के वाइस प्रेसिडेंट और फेडरल इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी के कोऑर्डिनेटर डीपी आर्यल ने कहा कि हाल के चुनावों में जीतने वाले उम्मीदवारों को तुरंत जश्न मनाने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटरों द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को गंभीरता से



लेना चाहिए और यह जश्न मनाने का समय नहीं है। डीपी आर्यल ने यह भी कहा कि यह चुनाव खास हालात में हुआ था और लद्दु ˚ एज ग्रुप के कई नौजवानों और महिलाओं ने अपनी जान दे दी। उन्होंने कहा कि यह दुख अभी तक भुलाया नहीं गया है, इसलिए यह जश्न मनाने के बजाय जिम्मेदारी निभाने का समय है। उन्होंने आगे कहा कि जनता ने भ्रष्टाचार खत्म करने और अच्छा शासन स्थापित करने के मकसद से अपना जनादेश दिया है। इसलिए जीतने वाले उम्मीदवारों की प्राथमिकता वोटरों की उम्मीदों को पूरा करना और बेहतर शासन देना होना चाहिए। आर्यल ने यह भी निर्देश दिया कि पार्टी के जीतने वाले उम्मीदवार फूलों की माला पहनने या मोटरसाइकिल जुलूस निकालने जैसे दिखावटी कार्यक्रमों से बचें। उन्होंने कहा कि काउंटिंग की जगह पर समर्थकों को सिर्फ नमस्ते करने की इजाजत है।

तृणमूल की महिला इकाई से बोली ममता

## गैस की कीमतों में वृद्धि को लेकर प्रदर्शन करे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की महिला शाखा एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन करेगी। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बढ़ती ऊर्जा लागत के बीच घरेलू एलपीजी और वाणिज्यिक सिलेंडरों की कीमतों में क्रमश? 60 रुपये और 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई। मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के दौरान नामों को हटाए जाने के विरोध में अपने धरने के दूसरे



दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना मनमाने ढंग से एलपीजी की कीमतें बढ़ा रही है, जो जनविरोधी तरीका है। उन्होंने कहा, कल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है।

CMYK

योजनाओं से मिले अवसर और अपनी मेहनत से सफलता के सोपान पर आगे बढ़ती नारी शक्ति

# महतारी वंदन, लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी शासन की महत्वकांयोजनाओं ने बदली महिलाओं की जिंदगी





**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके संघर्ष और उनके सशक्तिकरण की यात्रा को सम्मान देने का अवसर है। आज की महिला केवल परिवार की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल, आत्मविश्वास और नए अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इन योजनाओं में ''महतारी वंदन योजना'' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इस योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक आयु की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। यह सहायता राशि महिलाओं के लिए केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि उनके आत्मसम्मान और स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश सरकार ने बजट 2026-27 में महतारी वंदन योजना के तहत 8,200 करोड़ का प्रावधान किया है। इस योजना के तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाएं लाभान्वित हो रही है। प्रदेश भर में महतारी वंदन योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहे हैं। दुर्ग जिला भी इससे अछूता नहीं है। इस योजना की कई प्रेरणादायक कहानियों में ग्राम बोड़ेगांव की 70 वर्षीय उमा बाई भी शामिल है। उमा बाई बताती है कि पहले उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार कुछ रुपयों के लिए उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन जब से उन्हें हर महीने महतारी वंदन योजना की राशि मिलने लगी है, तब से उनकी छोटी-छोटी जरूरतें आसानी से पूरी हो जाती है। अब उन्हें किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसी प्रकार ग्राम रानीतराई पाटन की निवासी शारदा नगारची भी इस योजना से बेहद खुश है। उन्हें हर माह मिलने वाली राशि से वे अपनी बेटी के नाम से बचत करती हैं और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में खर्च करती हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और बच्चों की शिक्षा में भी सहयोग मिल रहा है। जिले के बोरई गांव की संगीता यादव के जीवन में भी इस योजना ने नई उम्मीद जगाई है। पहले घर का पूरा खर्च उनके पति की मजदूरी पर निर्भर था, लेकिन अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से वे घर के आवश्यक सामान खरीदने में सहयोग कर पा रही हैं। इससे उन्हें आत्मनिर्भरता का अनुभव हो रहा है और परिवार के बजट में उनका भी योगदान बढ़ा है। महतारी वंदन योजना ने केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं दिया, बल्कि कई महिलाओं के सपनों को भी नई उड़ान दी है। दुर्ग की हितेश्वरी वर्मा का सपना शिक्षिका बनने का था, लेकिन जिम्मेदारियों के कारण उनकी पढ़ाई अधूरी रह गई थी। अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे अपनी पढ़ाई और किताबों के लिए कर रही हैं। उनका कहना है कि इस सहायता से वे अपनी शिक्षा पूरी कर सकेंगी और भविष्य में बच्चों को पढ़ाकर समाज के विकास में योगदान देंगी। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में ''लखपति दीदी योजना'' भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आज सफल उद्यमी बन रही हैं। जिले की चीचा ग्राम पंचायत की दुर्गा पटेल इसका प्रेरणादायक उदाहरण हैं। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हुए, जिसके बाद उन्होंने घर पर ब्यूटी पार्लर का कार्य शुरू किया। साथ ही पशु सखी के रूप में भी कार्य करते हुए पशुओं के टीकाकरण और देखभाल से आय अर्जित कर रही हैं। इसके अलावा अपने घर की बाड़ी में सब्जी उत्पादन से भी उन्हें नियमित आमदनी हो रही है। इन सभी गतिविधियों से उन्होंने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और आज वे लखपति दीदी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। इसी तरह ग्राम नगपुरा की सरस्वती सिन्हा की कहानी भी प्रेरणादायक है। पहले वे केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, लेकिन स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने सिलाई और ब्यूटी पार्लर का कार्य शुरू किया। आज वे स्वयं प्रशिक्षित होकर अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण दे रही हैं। और प्रतिमाह अच्छी आमदनी अर्जित कर रही हैं। उनकी सफलता ने आसपास की महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है। पाटन विकासखंड के असोगा गांव की मंजू अंगारे आज लड्डू वाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध हैं। स्व-सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने लड्डू बनाने का व्यवसाय शुरू किया।

# कांग्रेस का प्रदर्शन: अफीम मामले में भाजपा को घेरा, सिलेंडर के दाम बढ़े, पीएम मोदी का पुतला फूंका

## दो अलग-अलग मामलों को लेकर गरमाई राजनीति, जमकर कोसा

**जितेंद्र मुदलियार और विपिन यादव ने लगाए गंभीर आरोप**



**राजनांदगांव।** पड़ोसी जिले दुर्ग में अफीम की खेती और देश में गैस सिलेंडर के दामों में हुई बढ़ोतरी को लेकर रविवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। पहले प्रेसवार्ता कर अफीम मामले में प्रशासनिक अमले और भाजपा नेताओं पर निशाना साधा। इसके बाद सिलेंडर के दाम को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। वहीं केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि नशे के कारोबार को रोकने में प्रदेश की भाजपा सरकार विफल साबित हुई है। इसका ताजा उदाहरण दुर्ग जिले में सामने आया, जहां भाजपा नेता विनायक ताम्रकर ही अफीम खेती मामले में आरोपी है। उन्होंने कहा कि यह सब खुलेतौर पर पिछले चार साल से हो रहा है। इसलिए प्रशासन की मिलीभगत को नकारा नहीं जा सकता। इसे लेकर मुदलियार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश राठौर, रूपेश दुबे व अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### गैस का दाम बढ़ाकर महिलाओं का अपमान कर रहे: विपिन यादव

अफीम मामले में भाजपा को सवालों में घेरने के बाद कांग्रेस जय स्तंभ चौक पहुंचे, यहां उन्होंने सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही पीएम मोदी का पुतला फूंका। यहां जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि एक तरफपीएम नरेंद्र मोदी महिलाओं के सम्मान की बात कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर गैस का दाम बढ़ाकर उनका अपमान करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बढ़ती महंगाई में इस वृद्धि से हर वर्ग को असर पड़ेगा और उनक बजट भी गड़बड़ाएगा।

# अफीम की खेती को लेकर विपक्ष मुखर

**पत्रकार वार्ता में भाजपा पर साधा निशाना, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) अध्यक्ष, दुर्ग शहर अध्यक्ष, भिलाई नगर अध्यक्ष रहे मौजूद**

### अफीम की खेती पर गर्म हुआ विधानसभा




**दुर्ग.09 मार्च।** छत्तीसगढ़ दुर्ग जिले के ग्राम समोदा में अफीम की खेती का मामला गरमाने लगा है.इस मामले को लेकर विपक्ष मुखर हो गया है.भाजपा नेता का नाम सामने आने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी भाजपा सरकार को घेरते नजर आ रही है।

पिछले दिनों समोदा में अन्य खेती के बीच करोड़ों रुपए के अफीम की खेती किए जाने का खुलासा हुआ जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 8 करोड़ रुपए बताई जा रही है।जिसके आरोप में विनायक ताम्रकार सहित अन्य लोगों को पकड़ा भी गया जिसमें मुख्य रुप से शामिल विनायक ताम्रकार भारतीय जनता पार्टी का पदाधिकारी है हालांकि मामले के खुलासे के बाद पार्टी ने उसे निष्कासित भी कर दिया है।

इसी मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण के तीनों अध्यक्षों ने अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में सोमवार को दुर्ग राजीव भवन (कांग्रेस भवन) में एक पत्रकार वार्ता की जिसमें उन्होंने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि,इतने बड़े पैमाने पर समोदा में अफीम की खेती हो रही थी और शासन प्रशासन को भनक तक नहीं लगी.इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि,छत्तीसगढ़ में पहली बार इतने बड़े पैमाने में अफीम की खेती की जा रही थी.और सवाल ये कि,आखिर इसकी खपत कहां और किस तरह हो रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि ,जब हम ग्रामीणों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि,अभी कुछ दिनों पूर्व इसी खेत से एक बड़ा कंटेनर भी निकलते हुए देखा है.

बता दे,कांग्रेस इस मामले को नेशनल इंटरनेशनल स्तर पर देख रही है.उनका कहना है कि,इतनी मात्रा में अफीम (चिट्टा) की पैदावार करना मतलब इस मामले में बड़े लोगों का शह मिला है तभी तो विनायक ताम्रकार इतनी मात्रा में अफीम (चिट्टा) की पैदावार कर रहा था.यह जाँच का विषय है.अगर सही तरीके से निष्पक्ष होकर जाँच की जाये तो बहुत बड़ा खुलासा हो सकता है.इसके अलावा और भी कई अन्य सवाल कांग्रेसियों ने मीडिया के समक्ष रखी.।

आपको बता दे,इसी मामले को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा में अफीम की खेती पर हंगामा हुआ. विपक्ष ने इस मुद्दे को जमकर उछाला।

# समोदा अफीम कांड : 8 करोड़ की खेती ने खड़े किए गंभीर सवाल, आम आदमी पार्टी ने की जांच की मांग



**दुर्ग।** जिले के समोदा गांव में बड़े पैमाने पर हो रही अफीम की खेती के खुलासे ने छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। लगभग 8 करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत वाली इस अवैध खेती को लेकर अब हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की कमेटी से जांच कराने की मांग उठने लगी है।इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने सोमवार को दुर्ग कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

इस मामले में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि क्या अफीम की इतनी बड़ी फसल रातों-रात तैयार हो गई? अफीम के पौधों की ऊंचाई और फैलाव साफ बताते हैं कि यह कई महीनों की मेहनत का नतीजा है। ऐसे में जिला प्रशासन और पुलिस इंटेलिजेंस को इसकी भनक तक न लगना बेहद हैरान करने वाला है। जानकार इसे सरकारी तंत्र की बड़ी विफलता मान रहे हैं।

**धान खरीदी के कड़े पहरे में कैसे छिपी रही अफीम? :** सबसे बड़ा सवाल कृषि विभाग, पटवारी, आर.आई. और तहसीलदारों की कार्यप्रणाली पर है। हाल ही में पूरे प्रदेश में धान खरीदी का कार्य चला, जिसके लिए राजस्व अमले ने एक-एक खेत के रकबे और फसल की बारीकी से जांच की थी। जब सरकारी तंत्र हर खेत की गिरदावरी (पैमाइश) कर रहा था, तब समोदा के खेत में लहलहाती अफीम की फसल अधिकारियों की नजरों से कैसे बच गई? यह चूक है या जानबूझकर की गई अनदेखी?

**बड़े 'सियासी संरक्षण' की आशंका :** प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए यह अंदेशा जताया जा रहा है कि बिना किसी बड़े राजनैतिक संरक्षण और रसूखदार सफेदपोशों के हाथ के बिना इतनी बड़ी अवैध खेती संभव नहीं है। पुलिस ने अब तक जिन लोगों को पकड़ा है, उन्हें केवल 'मोहरा' माना जा रहा है। असली सरगना और मास्टरमाइंड अभी भी पर्दे के पीछे हैं, जिन्हें सत्ता या रसूख का कवच प्राप्त होने की चर्चाएं जोरों पर हैं।

**न्यायिक जांच की मांग :** प्रशासन का दावा है कि खेती 5-6 महीनों से चल रही थी, लेकिन स्थानीय सूत्रों और फसल की स्थिति को देखते हुए इस दावे पर भी संदेह जताया जा रहा है। निष्पक्षता के लिए मांग की जा रही है कि इस पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए हाईकोर्ट के जजों की कमेटी गठित हो, ताकि पुलिस और राजस्व विभाग की मिलीभगत की भी जांच हो सके।

# महिला दिवस और रंग पंचमी पर अभिभाषक साहित्य संसद का भव्य आयोजन





**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रंग पंचमी के अवसर पर अभिभाषक साहित्य संसद दुर्ग की ओर से एक भव्य साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी ददरिया संग्रह 'गांव मया के चलव बसाबो' की लेखिका सुमित्रा कामड़िया का सम्मान किया गया और उनकी पुस्तक पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। पहले सत्र में ददरिया संग्रह पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान छत्तीसगढ़ी ब्लॉगर संजीव तिवारी ने पुस्तक की विषयवस्तु और साहित्यिक महत्व पर विस्तार से अपने विचार रखे। दूसरे सत्र में रंग पंचमी के अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों और प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही कवियों ने काव्य पाठ कर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया।

कार्यक्रम में कवि अचानक गोरखपुरी, प्रशांत जोशी, पुष्पलता साहू, मानस मर्मज्ञ अभयराज सिंह, योगिता सिंह ललखेर, रमा श्रीवास्तव, कमलनारायण कामड़िया, गीतकार व कवि लक्ष्मी नारायण कुंभकार, अनुराधा बक्शी, अनु समीर त्रिपाठी और वरिष्ठ अभिभाषक सुधीर तिवारी ने अपनी-अपनी विधा में काव्य पाठ कर उपस्थित लोगों को हंसाते हुए होली के रंग में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्देशक पवन गुप्ता और उनके सहयोगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसिद्ध बांसुरी वादक शिव नारायण कामड़िया ने अपनी मधुर बांसुरी की धुन से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक साहित्य संसद दुर्ग के अध्यक्ष आर.एस. यादव (एडवोकेट) ने की, जबकि रंगकर्मी योगेश पांडेय ने कार्यक्रम का रंगीन संचालन किया।

# छत्तीसगढ़ पंचायत परिषद का कबीरधाम जिला संयोजक बनीं सुषमा गणपत बघेल



**कवर्धा।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के संगठन विस्तार के तहत छत्तीसगढ़ में विभिन्न जिलों के संयोजकों और सह-संयोजकों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुषमा गणपत बघेल को कबीरधाम जिले का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल है। यह घोषणा अखिल भारतीय पंचायत परिषद के महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक माननीय घनश्याम प्रसाद यादव की अनुशंसा पर 8 मार्च 2026, रविवार को की गई। परिषद द्वारा संगठन को मजबूत करने और पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई है। घोषित सूची के अनुसार प्रदेश सलाहकार डॉ. उदयभान सिंह चौहान को नियुक्त किया गया है। वहीं रायपुर जिला संयोजक मीरा सलाम, कांकेर पूर्णिमा ऊके, दुर्ग लक्ष्मी देवी चौहान, बीजापुर सुषमा गणपत बघेल (कबीरधाम जनपद पंचायत अध्यक्ष) को जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार रायपुर से बी. शैलजा और राजनांदगांव से जयेश सोनी को सह-संयोजक बनाया गया है। परिषद द्वारा जारी सूची को अखिल भारतीय पंचायत परिषद के वरिष्ठ महामंत्री एवं वित्त विभाग के प्रभारी डॉ. रूद्र भानु को प्रेषित किया गया, जिसे उनके द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। इस संबंध में परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों संगठन महामंत्री एस. के. रॉय, वाइस प्रेसिडेंट वरुण सिन्हा, प्रेसिडेंट बाल्मीकि प्रसाद सिंह, वॉइस प्रेसिडेंट डॉ. नरेन्द्र सिंह गौतम, जनरल सेक्रेटरी मनोज जादौन, सत्या त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य रेनू सिंह, वी. त्रिपाठी, विपनेश शुक्ला, तथा कार्यकारी अध्यक्ष भारत भाई गाजिपारा को भी जानकारी प्रेषित की गई है। परिषद कार्यालय 368, पंचायत धाम, मयूर विहार फेज-1, नई दिल्ली सहित विभिन्न समाचार पत्रों और मीडिया संस्थानों को भी इसकी प्रतिलिपि भेजी गई है। परिषद ने उम्मीद जताई है कि नव नियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने, ग्रामीण विकास को गति देने और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# रसोई गैस की कीमतों में भारी उछाल के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

**महंगाई की मार: घरेलू सिलेंडर 60 और कमर्शियल 115 रुपये महंगा, कांग्रेस ने की कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग**





**दुर्ग।, 9 मार्च।** केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस की कीमतों में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। 09 मार्च से प्रभावी घरेलू एलपीजी सिलेंडर में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने दुर्ग पटेल चौक पर देश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर अपना जताया।

**आम जनता पर आर्थिक बोझ-** मीडिया से चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रसोई गैस आम जनता की बुनियादी और दैनिक आवश्यकता है। सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार आसमान छू रही है। घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह चरमरा गया है। कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने से बाहर खाना-पीना और अन्य सेवाएं भी महंगी हो जाएंगी, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ,भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर,ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, समेत जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विरोध प्रदर्शन में मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागों के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ नगरीय निकायों और पंचायतों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

**सरकार को चेतावनी-** कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा। कार्यकर्ताओं ने 'महंगाई वाली सरकार' के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में आम जनों ने भी इस विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### धारदार चाकू के साथ बदमाश लोकनाथ नवरंगे गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले की थाना धरसींवा पुलिस ने ग्राम सांकरा में चाकू लेकर घूम रहे बदमाश लोकनाथ उर्फ बिल्ला नवरंगे को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चाकू बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 06.03.26 को पुलिस चौकी सिलतरा पुलिस की टीम द्वारा सिलतरा क्षेत्रांतर्गत सांकरा स्थित बाजार चौक पास अवैध रूप से चाकू लेकर घुमते आरोपी बदमाश लोकनाथ उर्फ बिल्ला नवरंगे पिता पुनेन्द्र नवरंगे उम्र 28 साल निवासी वार्ड नंबर 17 मिनी माता चौक सतनामी पारा ग्राम सांकरा थाना धरसींवा जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना धरसींवा में धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

### बीच बचाव करने गए युवक से मारपीट, नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के ग्राम अमरताल में दो युवकों के बीच चल रहे आपसी विवाद में बीच बचाव करने गये युवक के साथ मारपीट करते हुए चाकू मारकर घायल करने वाले आरोपियों को अकलतरा पुसिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फिरोज कुर्रे निवासी ग्राम अमरताल के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि में प्रार्थी अपने घर में था तभी प्रार्थी अपने घर के बाहर हल्ला आवाज सुनकर घर से बाहर निकला तो देखा कि रूपेश ऊर्फ टिंगा, और एक विधि से संघर्षरत बालक दोनों घर के सामने आंगन में आपस में बात विवाद कर रहे थे तब प्रार्थी उन्हें समझाने लगा जिस पर नाराज होकर तू हमको समझाएगा बोलते हुए नशे में रूपेश उर्फ टिंगा और उसके साथी दोनों मिलकर फिरोज कुर्रे को जमीन में गिरा दिये व अपने पास रखे चाकू से पेट में मार दिए बोलने लगे कि आज आज जान से मार देंगे, तू हमको हाथ कैसे लगाया, तुझे नही छोड़ेंगे जिससे प्रार्थी फिरोज कुर्रे गंभीर रूप से घायल हो गया की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया। आहत फिरोज कुर्रे को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसको बिलासपुर रेफर कर दिया गया जहां उसका ईलाज चल रहा है। आरोपियों के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं अपचारी बालक को कोरबा बाल संरक्षण गृह भेजा गया।

### कोयलांचल दीपका का गौरव पथ बना जर्जर पथ, दुर्घटना का भय

**रायपुर।** कोयलांचल दीपका का गौरव पथ भारी वाहनों की आवाजाही के कारण जर्जर पथ बन गया है। इस पथ पर चलते व पार करते समय दुर्घटना का हमेशा भय बना रहता है। गौरव पथ पर भारी वाहनों की आवाजाही को रोकने तथा इसकी सुरक्षा के लिए कई बार क्षेत्र के जागरूक लोगों द्वारा आंदोलन किया गया और चक्काजाम की कवायद भी की गई लेकिन भारी वाहनों का आवागमन इस पर नहीं रूक सका और धड़ल्ले से बड़ी संख्या में भारी वाहनों के चलने के फलस्वरूप गौरव पथ धीरे-धीरे टूटकर जर्जर हो गया है। इस पथ पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जिसके कारण सदैव दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गेवरा कालोनी के लोगों को दीपका आने-जाने के लिए इस मार्ग को पार कर आना-जाना भी करना पड़ता है। ज्ञात रहे नगर पालिका दीपका के प्रथम अध्यक्ष बुगल कुमार दुबे द्वारा गौरव पथ के निर्माण में रूचि ली गई थी तथा प्रशासन से इस हेतु फंड की व्यवस्था कराने के साथ करोड़ों रुपए खर्च कर गौरव पथ का निर्माण करवाया गया था। गौरव पथ के कोयलांचल में बनने से यहां के निवासियों ने आवागमन की सुविधा महसूस की थी और इसे नगर पालिका अध्यक्ष की अच्छी पहल बताते हुए सराहना भी किया था। गौरव पथ बनने के बाद लोगों की हमेशा मांग रही कि इस पर भारी वाहनों को न चलाया जाए लेकिन निजी कंपनी का वाहन लगातार मार्ग पर चलता रहा और यह जर्जर हो गया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बोड़ला अखिलेश कौशिक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना तरेगांव जंगल पुलिस द्वारा नाबालिग पीड़िता को बहला-पुसलाकर भगाकर ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रार्थी द्वारा थाना तरेगांव जंगल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री दिनांक 25.06.2025 की रात्रि लगभग 10.00 से 11.00 बजे के मध्य घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसका आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश किया गया परंतु उसका कोई पता नहीं चल पाया। प्रार्थी को संदेह था कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-पुसलाकर कहीं ले गया है।

---

चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

# सामुदायिक भवन हेतु 50 लाख रूपए और पारागांव में सीसी रोड निर्माण की घोषणा..

■ समाज के लिए सामुदायिक भवन हेतु 50 लाख और पारागांव में सीसी रोड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा

रायपुर/ संवाददाता



जब समाज स्वयं अपने बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेता है, तब नई पीढ़ी और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर जिले के पारागांव में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही पारागांव में सीसी रोड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी माताओं-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज महतारी वंदन योजना को दो वर्ष पूर्ण हो गए हैं और इस अवसर पर प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं के खातों में योजना की 25वीं किश्त की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और इस समाज ने देश और प्रदेश को अनेक प्रतिभाशाली व्यक्तित्व दिए हैं। उन्होंने समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के माध्यम से 2000 से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा का अवसर मिल रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ को देश का धान का कटोरा कहा जाता है और किसानों के हित में राज्य सरकार लगातार निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि होली पर्व के पूर्व 25.28 लाख किसानों के खातों में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 10 हजार 324 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के माध्यम से पिछले दो वर्षों में 42 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिससे बुजुर्गों और श्रद्धालुओं को विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 के बजट में राज्य के सभी वर्गों के विकास को ध्यान में रखते हुए प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने समाज के युवाओं से आग्रह किया कि जो बेटा-बेटी उद्यम करना चाहते हैं, वे राज्य की नई उद्योग नीति का अध्ययन करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और इन निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया।

# रायपुर में 8वें जन औषधि दिवस 2026 का आयोजन किया

■ राज्य भर में 355 जन औषधि केंद्र स्वास्थ्य देखभाल के वित्तीय बोझ को कम करने में निभा रहे हैं महत्वपूर्ण भूमिका

रायपुर/ संवाददाता

जिले के कोटा में आज 8वें जन औषधि दिवस 2026 का राज्य स्तरीय कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जो आम जनता को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक दवाएं प्रदान कर सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य देखभाल के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। कार्यक्रम में राज्य भर से विभिन्न जन औषधि केंद्र प्रभारी शामिल हुए। योजना की सफलता पर व्यापक परिप्रेक्ष्य रखते हुए, यह उल्लेख किया गया कि 31 दिसंबर 2025 तक देश भर में कुल 17,990 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस नेटवर्क का और विस्तार करने के सरकारी रणनीतिक लक्ष्य के तहत, मार्च 2027 तक 25,000 केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में, छत्तीसगढ़ राज्य में 355 ऐसे केंद्र हैं, जो हजारों परिवारों के स्वास्थ्य देखभाल के वित्तीय बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, रायपुर के सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने जेनेरिक दवाओं के संबंध में आम जनता की भ्रांतियों को संबोधित किया। उन्होंने सस्ती दवाओं का मतलब कम गुणवत्ता होने की धारणा को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन औषधि केंद्रों में दवाओं की कम लागत का कारण केवल बड़ी फार्मा कंपनियों द्वारा किए जाने वाले भारी-भरकम ब्रांडिंग और मार्केटिंग खर्चों का खत्म होना है।

# नाचने की बात को लेकर जानलेवा हमला, चार आरोपी गिरफ्तार किए...

रायपुर। संवाददाता

होली पर्व के दौरान नाचने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों को धरसींवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला ग्राम सांकरा का है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मयंक साहू, निवासी ग्राम सांकरा थाना धरसींवा ने पुलिस चौकी सिलतरा/थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 04.03.2026 को होली त्यौहार के दौरान दोपहर लगभग 2 बजे वह अपने छोटे भाई शिखर साहू, चचेरे भाई दिपांशु साहू, मोहनिश साहू तथा गिरीराज साहू के साथ बजरंग चौक में होली खेल रहा था। उसी समय गांव का हिम्मत मनहर अपने साथियों लोकेश्वर घृतलहरे, हरीश डहरिया एवं कोमल मनहर के साथ वहां आया और वे लोग भी उनके साथ नाचने लगे। नाचते समय उक्त लोग प्रार्थी के छोटे भाई शिखर साहू के साथ धक्का-मुक्की करने लगे जिस पर शिखर साहू ने उन्हें आराम से नाचने के लिए कहा, तो वे लोग विवाद करने लगे। तब प्रार्थी ने सभी को समझा-बुझाकर वहां से भेज दिया। शाम लगभग 5 बजे प्रार्थी का चचेरा भाई मोहनिश साहू आकर बताया कि हिम्मत मनहर अपने साथियों के साथ शिखर साहू के साथ मारपीट कर रहा है। प्रार्थी तुरंत मौके पर गया देखा कि लोकेश्वर घृतलहरे, हरीश डहरिया, कोमल मनहर, हिम्मत मनहर मिलकर शिखर साहू के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे उसी समय हिम्मत मनहर अपने पैंट से चाकू निकालकर शिखर साहू के उपर वार किया तो शिखर साहू ने अपने हाथ से चाकू पकड़ लिया। प्रार्थी बीच बचाव करने लगा तो वे सभी मिलकर बोलने लगे आज जान से मारकर खत्म कर दो और लोकेश्वर घृतलहरे अपने जेब से एक चाकू निकालकर प्रार्थी पर वार किया और शिखर साहू को कोमल मनहर, हिम्मत मनहर, हरीश डहरिया दबोच लिये।

## 'नारी शक्ति इस देश के विकास की धुरी, अंतिम पंक्ति की महिलाओं तक विकास पहुंचाने के लिए हम कृत संकल्पित- राज्यपाल श्री डेका



भूपेश बघेल का भाजपा सरकार पर हमला

# नितीश कुमार से लेकर कानून व्यवस्था तक उठाए सवाल......

रायपुर। संवाददाता



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय राजनीति को लेकर कई मुद्दों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के राज्यसभा जाने की चर्चाओं पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के समय उन्हें मुख्यमंत्री का चेहरा मानने से इनकार किया गया था, जबकि उनके नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा गया और जीत भी मिली। बघेल ने कहा कि नितीश कुमार राजनीति के अनुभवी नेता हैं और दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की राजनीतिक रणनीति में फंस गए और अंततः उन्हें पद से किनारे कर दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने धान की सुखत (नमी) को लेकर भी राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति के अनुसार धान में जितनी सुखत होगी उतनी कटौती की जाएगी, जिसके चलते किसान नुकसान से बचने के लिए धान में पानी डालने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले में सबसे कम बारिश हुई है, लेकिन महासमुंद और बेमेतरा जिलों में सबसे अधिक धान खरीदी दर्ज की गई है। इस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के सुशासन में सब कुछ संभव है। राज्यपालों के फेरबदल और उनकी बैठकों को लेकर भी भूपेश बघेल ने प्रतिक्रिया दी।

### भाजपा की लक्ष्मी वर्मा, कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम को नौ मार्च को अधिकृत रूप से विजयी घोषित किया जाएगा

**रायपुर।** विधान सभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सभा के लिए नामांकन भरने वाले भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलो देवी नेताम को नौ मार्च को निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकृत रूप से विजयी घोषित कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार विस में संचालक मनीष शर्मा को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 9 मार्च को नामांकन के वापसी की अंतिम तिथि है विस में सिर्फ भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम ने नामांकन भरा है इसलिए किसी प्रत्याशी का नाम वापस नहीं लिया जा सकेगा। जिसके चलते इन दोनों प्रत्याशियों को नौ मार्च को ही अधिकृत रूप से विजयी घोषित कर दिया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी मनीष शर्मा आज नामांकन पत्रों की छटाई का काम देख रहे है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की छटाई का काम हो रहा है चूंकि यह काम अंतिम प्रक्रिया में है इसके कारण अनाधिकृत रूप से जितना निश्चित है।

# हाईवे से गायब हुआ 12 चक्का ट्रक, चार घंटे में पुलिस ने दबोचे चोर

रायपुर। राजधानी रायपुर के न्यू राजेन्द्र नगर इलाके से 12 चक्का ट्रक चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने चोरों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 16 लाख रुपये कीमत का ट्रक बरामद कर लिया। मामले के अनुसार अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर निवासी मीना निर्मलकर ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में शिकायत दर्ज कराई कि उनके नाम पर पंजीकृत टाटा कंपनी का 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीसी 9172 उनके पति वीरेन्द्र निर्मलकर चलाते हैं। होली के चलते 2 मार्च की रात ट्रक को काली माता मंदिर के पास मेन रोड पर खड़ा किया गया था। 6 मार्च की सुबह करीब 4 बजे जब ट्रक देखने पहुंचे तो वह वहां से गायब था। अज्ञात चोर ट्रक लेकर फरार हो चुके थे। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 103/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी वेस्ट जोन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त न्यू राजेन्द्र नगर ने थाना प्रभारी को तुरंत आरोपियों की पतासाजी और ट्रक बरामद करने के निर्देश दिए।

मैं भारत हूं थीम पर भव्य बाइक-स्कूटी रैली, गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

# भारत की सभ्यता को आगे बढ़ाने वाली भारत की महिलाएं हैं

■ 2000 से अधिक महिलाओं की ऐतिहासिक भागीदारी, रायपुर में गूंजा राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति का संदेश

रायपुर/ संवाददाता

तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में मैं भारत हूं थीम पर भव्य बाइक-स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। मातृशक्ति की ऐतिहासिक भागीदारी से सजी इस रैली में 2000 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया और राष्ट्रभक्ति, अनुशासन तथा महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। यह रैली अपनी विशिष्टता और व्यापक सहभागिता के कारण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज की गई। रैली का शुभारंभ माँ काली मंदिर से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम् गान के साथ हुई। इसके बाद अखिल भारतीय धर्मजागरण समन्वय कार्यसमिति सदस्य श्री राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव और श्रीमती विभा अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व महिला पुलिस कर्मियों के अनुशासित दस्ते ने किया, जिसके पीछे हजारों महिलाएं हाथों में तिरंगा लिए उत्साहपूर्वक आगे बढ़ीं। यह रैली माँ काली मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्रीराम मंदिर, वीआईपी चौक पर संपन्न हुई। रास्ते भर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. भारवि वैष्णव और सह-संयोजिका तथा नगर निगम पार्षद डॉ. अनामिका सिंह के नेतृत्व में पूरे आयोजन का सफल संचालन किया गया। समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं का



उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज में यातायात नियमों का पालन करने का संदेश देने के लिए आज महिलाओं ने जो स्कूटी रैली निकाली वह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गयी है यह हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने जीवन में अपनी बुआ अपनी मां अपनी पत्नी जैसी सशक्त महिलाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाएं पुरुषों से अधिक सहनशील और ज्यादा मजबूत होती हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक प्रसंग को याद करते हुए कहा कि यदि आज भारत की संस्कृति शाश्वत है, इस अविरल संस्कृति और सभ्यता को कोई आगे लेकर जाने वाला है तो वह भारत की महिलाएं हैं। अगर जीजा बाई ना होती तो शिवाजी का अस्तित्व नहीं होता और कौशल्या माता के संस्कार से ही तो भगवान श्री राम का अस्तित्व है। हर कामियाब व्यक्ति के पीछे महिला का हाथ होता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शासन की योजनाओं का लाभ लेकर लखपति दीदी से करोड़पति दीदी तक का सफर तय कर रहीं हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने का भी कार्य कर रही हैं। महिलाओं के संकल्प के आगे कोई टिक नहीं सकता आज नक्सलावाद के नासूर को जड़ से मिटाने के लिए दिन रात पहाड़ों में रहकर कार्य करने वाली पुलिस विभाग की महिलाओं का भी उन्होंने अभिनंदन किया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकृत उद्घोषक सोनल शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक संदेश देने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह स्कूटी रैली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल की गई है।

## संपादकीय

# जंग से तेल बाजार में तेजी, चिंता गहराई

रविवार को ईरान ने इजराइल और खाड़ी अरब देशों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। यह कदम सुप्रीम लीडर खामनोई की मौत के बाद 'जवाबी कार्रवाई' के रूप में बताया गया।दोहा, दुबई, अबू धाबी और मनामा में जोरदार धमाके सुनाई रहे थे कई जगह धुआं उठ रहा था। ईरान अब तेल टैंकरों को भी निशाना बना रहा है। दुनिया में तेल संकट गहरा सकता है।ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतें लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ छह महीने के उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध और बढ़ते तनाव ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है, जिससे तेल बाजार में तेजी देखने को मिल रही है।

20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड करीब 72 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेड कर रहा है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट लगभग 67 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। तेजी की सबसे बड़ी वजह इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच जंग। मिडिल ईस्ट में अमेरिका की सैन्य तैनाती 2003 के इराक युद्ध के बाद सबसे बड़ी बताई जा रही था। सैटेलाइट तस्वीरों से संकेत मिले हैं कि ईरान भी अपनी रणनीतिक जगहों को मजबूत कर रहा थ। जंग के चलते तेल सप्लाई बाधित होने का खतरा बढ़ गया है। विशेष रूप से होर्मुज स्ट्रेट पर निवेशकों की नजर है, क्योंकि दुनिया के लगभग एक-तिहाई तेल का परिवहन इसी मार्ग से होता है। यदि यहां किसी प्रकार का व्यवधान आता है, तो कीमतों में और तेज उछाल संभव है। अमेरिका में पिछले सप्ताह कच्चे तेल का भंडार लगभग 9 मिलियन बैरल घटा है, जो सितंबर के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। रिफाइंड प्रोडक्ट्स के स्टॉक में भी कमी आई है, जो मजबूत मांग का संकेत देता है। जंग केचलते 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जंग का असर अब भारत के व्यापार पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। खासकर बासमती चावल और चाय के निर्यात को लेकर भारतीय कारोबारियों की चिंता बढ़ गई हैईरान भारत के बासमती चावल का सबसे बड़ा खरीदार देश है। युद्ध से पहले पिछले दो महीनों में ईरानी आयातकों ने भारत से बड़ी मात्रा में बासमती चावल के ऑर्डर दिए थे। मांग बढ़ने की वजह से घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमत लगभग 10 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गई थी। लेकिन संघर्ष शुरू होने के बाद भारत से ईरान को बासमती चावल की आपूर्ति लगभग ठप हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, भारत के कुल बासमती चावल निर्यात का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा ईरान को जाता है, जबकि करीब 20 प्रतिशत इराक को निर्यात होता है।

**इस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मुफ्त की चीजें देकर राज्य सरकारें लोगों की आदतें खराब कर रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि इन लोगों का रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कई राज्य सरकारें कर्ज और घाटे से दबी हुई हैं। इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओ त्से-तुंग ने कहा था कि किसी आदमी को एक मछली दो और तुम उसे एक दिन के लिए खिलाओगे। उसे मछली पकड़ना सिखाओ और तुम उसे ज़िंदगी भर खिलाओगे। आज के भारतीय शब्दों में यह है कि हर नेता जो मुफ्त चीजों का वादा करता है, असल में यह कह रहा है कि मैं तुम्हें एक अच्छी रोजी-रोटी और रेगुलर इनकम की इज्जत नहीं दे सकता। इसलिए अभी के लिए यह कुछ है, इसी से काम चला लो। चुनाव आते ही मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राजनैतिक दलों में मुफ्त की रेवड़ी बाँटने की होड़ लग जाती है।**

# वोट के लिए मुफ्त की रेवड़ी से कर्जे के अंधकूप में देश

(योगेंद्र योगी)

कोई मुफ़्त बिजली और पानी देने की बात करता है तो कोई स्मार्टफ़ोन, लैपटॉप, साइकिल और टीवी की बात करता है।सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सुविधाएं देने की संस्कृति की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक याचिका दायर कर उपभोक्ताओं की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को निःशुल्क बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, कोर्ट ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सरकार के नेतृत्व वाली बिजली वितरण कंपनी की मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया है। बिजली वितरण कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट में विद्युत संशोधन नियम, 2024 के एक नियम को चुनौती दी थी।

इस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मुफ्त की चीजें देकर राज्य सरकारें लोगों की आदतें खराब कर रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि इन लोगों का रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कई राज्य सरकारें कर्ज और घाटे से दबी हुई हैं। इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने पूछा कि बिजली शुल्क अधिसूचित होने के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक जेब ढीली करने का फैसला क्यों किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा राज्यों को रोजगार के रास्ते खोलने के लिए काम करना चाहिए। अगर आप सुबह से शाम तक मुफ्त भोजन देना शुरू कर देंगे, फिर मुफ्त साइकिल, मुफ्त बिजली देंगे, तो कौन काम करेगा और फिर कार्य संस्कृति का क्या होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वैलफेयर के तौर पर आप उन लोगों को देना चाहते हैं जो बिजली का चार्ज नहीं दे सकते, लेकिन जो लोग खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते, उनके बीच फर्क किए बिना, आप बांटना शुरू कर देते हैं। तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। इसमें अनुमान के मुताबिक, राज्य का कुल बकाया कर्ज बढ़कर 10.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इस बढ़ते कर्ज के लिए वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र तमिलनाडु में वित्तीय अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की मंजूरी नहीं दे रही है और केंद्र



प्रायोजित योजनाओं का फंड रोक रही है। उन्होंने जीएसटी दरों में कटौती और 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर भी निराशा जताई।

मंत्री थेन्नारसु के अनुसार संघीय ढांचे में राज्यों के साथ ऐसा अनुचित व्यवहार पहले कभी नहीं देखा गया। द्रमुक (डीएमके) सरकार ने अपनी फ्लैगशिप योजनाओं के लिए फंड की कमी नहीं होने दी। महिलाओं के लिए 'विदियाल पयानम' योजना (मुफ्त बस यात्रा) के लिए 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसके अलावा, छात्रों के लिए बस किराए की योजना हेतु 1,782 करोड़ रुपये और डीजल सब्सिडी के लिए 1,857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर परिवहन विभाग को 13,062 करोड़ रुपये मिले। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए भी सरकार ने 5,463 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा अलग रखा है। तमिलनाडु में पिछले 4 वर्षों में प्रति परिवार कर्ज तेजी से बढ़कर लगभग 3.7 लाख रुपए तक पहुंच गया है, जो राज्य की गंभीर वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार तमिलनाडु पर देश में सर्वाधिक 8.34 लाख करोड़ रुपये कर्ज है। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है। इस पर 7.69 लाख करोड़ रुपये कर्जा है। इसी तरह महाराष्ट्र पर 7.22 लाख करोड़, पश्चिम बंगाल पर 6.58 लाख करोड़ रुपये, कर्नाटक पर 5.97 लाख करोड़ रुपये, राजस्थान पर 5.62 लाख करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश पर 4.85 करोड़ रुपये का कर्जा है। गुजरात पर 4.67 लाख करोड़ रुपये, केरल पर 4.29 लाख करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश पर 4.18 लाख करोड़ रुपये, तेलंगाना पर 3.89 लाख करोड़ रुपये, पंजाब पर 3.51 लाख करोड़ रुपये, हरियाणा पर 3.36 लाख करोड़ रुपये, बिहार पर 3.19 लाख करोड़ रुपये और असम पर 1.51 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। वर्ष 2016-17 के बाद कर्ज पर निर्भरता लगातार बढ़ती गई।वोट बैंक की राजनीतिक के कारण ऐसी लोकलुभावन मुफ्त की योजनाओं के कारण छोटा पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश डेब्ट ट्रैप में फंस गया है। आलम यह है कि हिमाचल सरकार के पास लिए गए कर्ज की मूल रकम व उस पर लगने वाले ब्याज को चुकाने के लिए भी पर्याप्त पैसा नहीं है। वहीं, कर्ज लेने की लिमिट सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए है। अगले वित्तीय वर्ष में कर्ज व ब्याज चुकाने के लिए 13 हजार करोड़ चाहिए। अब लोन को चुकाने के लिए मार्केट से कर्ज लेकर भी बात नहीं बन रही और तीन हजार करोड़ रुपए अपने बजट से चुकाने होंगे। सोलहवें फाइनेंस कमीशन की रिपोर्ट में हिमाचल सहित अन्य कुछ राज्यों की रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) खत्म कर दी है। इससे हिमाचल सरकार के खजाने पर भारी चोट लगी है। हिमाचल प्रदेश पर कुल देनदारियां 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं, जिससे यह पहाड़ी राज्य कर्ज लेने वाले भारतीय राज्यों में 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने स्टेट फाइनेंस रिपोर्ट (2025-26) में कहा है कि मुफ्त की ऐसी योजनाओं के चलते राज्यों के बजट पर दबाव बढ़ रहा है। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में बुनियादी ढांचे (सड़क, स्कूल, अस्पताल) पर खर्च कुल बजट का 10त्न से भी कम रह गया है। मुफ्त की रेवड़ी बांटने में कोई पीछे नहीं है। केंद्र में बतौर विपक्षी पार्टी आलोचना करने वाली कांग्रेस अपनी सत्ता वाले राज्यों में खुल कर रेवड़ियां बांटती रही है। उसी तरह केंद्र में खुल कर यह काम करने वाली भाजपा, राज्यों में कांग्रेस व अन्य पार्टियों का इसके लिए विरोध करती है। बीते नौ साल में प्रति व्यक्ति कर्ज तीन गुना बढ़ गया है। इसका एक बड़ा कारण केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा जनता को खुले आम रेवड़ियां बांटना भी है। देश में प्रति व्यक्ति कर्ज 1,86,206 रुपए हो जाने का अनुमान है। अहम बात यह है कि राजनीतिक दलों को यह भी बताना चाहिए कि इन मुफ्त की योजनाओं के लिए धन कहां से आएगा। अब हमारी फाइनेंशियल पॉलिटिक्स में ईमानदारी और जवाबदेही वापस लाने का समय आ गया है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# बरसाना की लठमार होली का अनोखा रहस्य, क्यों महिलाएं देसी घी खाकर पुरुषों पर बरसाती हैं लाठियां?

(दिव्यांशी भदौरिया)

बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली का एक अनोखा रहस्य नंदगांव से भेजे जाने वाले देसी घी से जुड़ा है, जिसे खाकर महिलाएं पुरुषों पर पूरी ताकत से लाठियां बरसाती हैं। यह परंपरा राधा-कृष्ण के प्रेम और उनकी लीलाओं का प्रतीक है, जो हर साल फाल्गुन मास में मथुरा में मनाई जाती है।

होली का त्योहार उत्साह और रंगों के लिए जाना जाता है। विश्वभर में ब्रज की होली सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। ब्रज की लट्ठमार होली, फूलों की होली और लड्डुओं की होली काफी फेमस है। बरसाना की लट्ठमार होली उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में मनाई जाने वाली पारंपरिक होली है, यह होली राधा रानी और भगवान कृष्ण के प्रेम और उनकी लीलाओं पर आधारित है। और यह होली का गाना सबको जरुर पसंद आएगा। होरी खेले तो आ जइयो,

## बरसाने रसिया

रंग भी लइयो गुलाल भी लइयो,
गोपी भी लइयो संग ग्वाल भी लइयो,
मन मिले तो आ जइयो,
बरसाने रसिया

फाल्गुन मास में बरसाना की रंगीली गली में होने वाले इस उत्सव में नंदगांव के पुरुष (हुरियारे)बरसाना की महिलाओं (हुरियारिनों) पर रंग डालते हैं और बदले में महिलाएं उन्हें हंसी-मजाक में लाठियों (लठ) से पीटती हैं,जिससे पुरुष अपनी ढाल से बचते हैं। बृज में कहते हैं न-

या होरी को का कोऊ जाने
होरी को रस रसिक ही जाने
मन में सदा के लिए अंकित

## कब से शुरू होगी लठामार होली

इस साल 26 फरवरी को बरसाना की नारियां नंद गांव के होरियारों के साथ लठमार होली खेली गई। बरसाने की इस अनोखी परंपरा को सही रूप में समझने के लिए राधा रानी के प्रति गहरी श्रद्धा और प्रेम को हृदय में स्थान देना आवश्यक है। बरसाना में राधा रानी, जिन्हें स्नेहपूर्वक 'लाड़ली जी' कहा जाता है जो कि विशेष और सर्वोपरि महत्व है, क्योंकि यही उनकी जन्मभूमि और उनकी दिव्य लीलाओं की पावन धरती मानी जाती है।

## फाल्गुन में भीगती प्रेम की डोर

गौरतलब है कि बरसाना की लठमार होली विश्वप्रसिद्ध है। बरसाना और नंदगांव के बीच प्रेम में सरोबार ऐसी डोर है जो हर फागुन में रसरंग में भीजती है और अपने भक्तों को उसी प्रेम में भिगोती है। शिवरात्रि के दिन से ही लाडली जी महल से ढप, मृदंग और झांझ की थाप पर ब्रजवासी भक्ति और प्रेम में डूबे हुए नाचते-गाते होली की गुहार लगाने लगते हैं।

होरी है भई होरी है,होरी है भई होरी है
लठामार बरसाना खेलूं राधा रानी से मैं बोलूं
लाया हूं नंद का लाल रसिया होरी में,
सुनले ओ नंद के लाल रसिया होरी में,
लाल गुलाल लगा दूं तोपे, फिर मैं बोलूं सीधे मुंह से
मैं तो मारूं पिचकारी धार रसिया होरी में नारी बनाई नचाई छोड़िहों

## होली खेलने का विशेष आमंत्रण भेजा जाता है

नंदगांव के पुरुषों को बरसाना की महिलाओं द्वारा होली खेलने के लिए न्योता भेजा जाता है। वहीं, टेसू और पलाश के फूलों से बने रंगों से होली खेली जाती है। कहा जाता है कि फागुन में नंदगांव से होरियारों की ओर से बरसाना की होरियारिनों के लिए देसी घी भेजा जाता है जिससे वे ताकत से उन पर लाठी बरसा सकें।

# छिड़ा महायुद्ध, खाड़ी क्षेत्र में मिसाइलों की गूंज, भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी संकट गहराया !

(नीरज कुमार दुबे)

**हमलों की पहली लहर में ही तेहरान के कई महत्वपूर्ण स्थलों पर विस्फोट हुए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के परिसर तथा राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के ठिकानों को निशाना बनाए जाने की खबरें सामने आईं। खामनेई समेत उनके परिवार और रक्षामंत्री की मौत हो चुकी है। पश्चिम एशिया में घटनाक्रम ने अचानक भीषण रूप ले लिया, जब अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर व्यापक सैन्य अभियान शुरू कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़े पैमाने पर युद्धक कार्रवाई की पुष्टि करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम बताया और कहा कि तेहरान को परमाणु हथियार क्षमता हासिल करने से रोकना अनिवार्य है। हम आपको बता दें कि हमलों की पहली लहर में तेहरान के कई महत्वपूर्ण स्थलों पर विस्फोट हुए।**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के परिसर तथा राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के ठिकानों को निशाना बनाया। हमलों के तुरंत बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल और क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। कतर की राजधानी दोहा और संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में विस्फोटों की आवाजें सुनी गई थी। बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के सेवा केंद्र के निकट हमले की सूचना मिली, जिसके बाद जुफैर इलाके को खाली कराया गया। कुवैत ने अपनी सुरक्षा के अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही, जबकि जॉर्डन ने दो मिसाइलें मार गिराने का दावा किया। वहीं इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। इस समय ईरान की ओर से इजराइल और अमेरिकी बेसों पर मिसाइल और ड्रोन हमले लगातार होने की खबरें सामने आ रही हैं जिनसे यूएई में एक व्यक्ति की मौत की खबर है जबकि अमेरिकी और इजराइली हमलों से ईरान को हुए नुकसान को देखें तो वह काफी व्यापक है।

हम आपको बता दें कि ईरान के दक्षिणी शहर मीनाब में एक विद्यालय पर हमले में 55 से ज्यादा छात्रों की मृत्यु की खबर ने हालात की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। तेहरान में आम नागरिकों में दहशत का माहौल है, उत्तर की ओर पलायन, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें और संचार बंद होने की आशंकाएं सामने आ रही हैं। इसके अलावा, इस संघर्ष का सबसे तात्कालिक प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर भी पड़ता दिख रहा है। हम आपको बता दें कि खाड़ी क्षेत्र विश्व तेल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है और होर्मुज जलडमरूमध्य इसकी धुरी है। यह संकरा समुद्री मार्ग ईरान और ओमान के बीच स्थित है और वैश्विक तेल तथा गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी से गुजरता है। यदि ईरान ने इसे अवरुद्ध किया या टैंकरों पर हमले बढ़ाए तो पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट गहरा सकता है। पहले ही कच्चे तेल के दाम सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुके थे। क्षेत्रीय युद्ध की स्थिति में कीमतें और उछल सकती हैं।

भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। भारत विश्व के बड़े तेल आयातकों में से एक है और अपनी आवश्यकता का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल का बड़ा भाग इसी जलडमरूमध्य से होकर आता है। कीमतों में एक डॉलर की भी वृद्धि से भारत के आयात बिल पर अरबों डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे महंगाई, चालू खाते का घाटा और रुपये पर दबाव बढ़ सकता है।

भारत की एक और बड़ी चिंता क्षेत्र में बसे लाखों भारतीय नागरिकों की सुरक्षा है। खाड़ी देशों में बड़ी भारतीय प्रवासी आबादी कार्यरत है। हवाई क्षेत्र बंद होने से उड़ानों पर असर पड़ा है। इंडिगो और एअर इंडिया एक्सप्रेस जैसी विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया की उड़ानें अस्थायी रूप से स्थगित कर दी हैं। इजराइल का हवाई क्षेत्र बंद होने से दिल्ली तेल अवीव उड़ान को वापस लौटना पड़ा। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है तो निकासी अभियान चलाना पड़ सकता है।

सामरिक दृष्टि से यह टकराव अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि अमेरिकी और इजराइली हमलों का उद्देश्य केवल परमाणु कार्यक्रम को रोकना न होकर शासन परिवर्तन की दिशा में है, तो यह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को पूरी तरह बदल सकता है। ईरान लंबे समय से लेबनान, सीरिया, इराक और यमन में अपने प्रभाव के जरिए शक्ति संतुलन बनाए हुए है। अब यदि वह सीधे अमेरिकी ठिकानों पर हमले कर रहा है तो यह छाया युद्ध से खुली जंग की ओर बढ़ने का संकेत है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जिन देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, यदि वे भी



प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल हो जाएं तो क्या यह विश्व युद्ध जैसी स्थिति बन सकती है? खाड़ी के देश अब तक संतुलन साधने की कोशिश करते रहे हैं, परंतु यदि उनकी भूमि पर हमले जारी रहते हैं और वे सामूहिक प्रतिकार करते हैं, तो संघर्ष का दायरा तेजी से फैल सकता है। अमेरिका के साथ रक्षा समझौतों के कारण नाटो सहयोगी भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो सकते हैं। वहीं रूस ने हमलों की निंदा करते हुए इसे सशस्त्र आक्रमण बताया है। इस तरह यदि प्रमुख शक्तियां अलग अलग पक्षों में खुलकर उतरती हैं तो बहुध्रुवीय टकराव की आशंका बढ़ सकती है।

हालांकि तत्काल इसे विश्व युद्ध कहना जल्दबाजी होगी, परंतु ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री मार्गों और क्षेत्रीय गठबंधनों पर पड़ने वाला प्रभाव इसे वैश्विक संकट अवश्य बना सकता है। यदि कूटनीतिक प्रयास विफल रहते हैं और होर्मुज या बाब अल मंदेब जैसे मार्ग अवरुद्ध होते हैं, तो एशिया, यूरोप और अमेरिका सभी प्रभावित होंगे। देखा जाये तो इस समय भारत के सामने संतुलित कूटनीति, ऊर्जा आपूर्ति का विविधीकरण, सामरिक भंडार का उपयोग और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सबसे बड़ी प्राथमिकताएं हैं। पश्चिम एशिया की यह ज्वाला यदि फैलती है तो इसका धुआं पूरी दुनिया को प्रभावित करेगा।

### कलेक्टर, एसपी, पूर्व मंत्री व नपा अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने दी एक-दूसरे को बधाई

# अबीर-गुलाल और फाग गीतों के साथ मना प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव प्रेस एंड मीडिया फेडरेशन सह प्रेस क्लब में होली मिलन समारोह उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और फाग गीतों के साथ रंगोत्सव का आनंद लिया। समारोह में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, डॉ राजाराम त्रिपाठी आईफा संयोजक सहित कई अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और पत्रकार मौजूद रहे। नगाड़ों की थाप और रंग-गुलाल के बीच माहौल पूरी तरह होलीमय नजर आया और सभी ने मिलकर आपसी भाईचारे का

#### सकारात्मक पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती : कलेक्टर

इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर संवाद और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

#### आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब लाने का काम : पुलिस अधीक्षक

वहीं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने कहा कि त्योहार समाज में खुशियां और अपनापन लेकर आते हैं। होली जैसे पर्व लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं। उन्होंने सभी को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की शुभकामनाएं दीं।

#### प्रेस क्लब में आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत आनंददायक रहा

प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र सोनपिपरे एवं पूर्व अध्यक्ष इसरार अहमद ने कहा कि अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और सभी को होली पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द और संवाद को मजबूत करते हैं। प्रेस क्लब में आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत आनंददायक रहा। ऐसे आयोजनों से सामाजिक व सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है और पत्रकारों के बीच आपसी सामंजस्य भी मजबूत होता है। अंत में अध्यक्ष सोनपिपरे ने कार्य म की रूपरेखा तैयार करने में सहयोग देने वाले पदाधिकारी सहित सभी पदाधिकारियों और प्रेस क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बस्तर संभाग में महा जनसुनवाई सप्ताह

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए महा जनसुनवाई सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 8 मार्च से शुरू होकर 13 मार्च तक चलेगा, जिसका मुख्य केंद्र इस बार बस्तर संभाग को बनाया गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन 13 मार्च को होगा। जो कलेक्ट्रेट बस्तर के प्रेरणा कक्ष में 13 मार्च को आयोजित की जाएगी, इस दौरान बस्तर संभाग के सभी सात जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, नारायणपुर, कांकेर, बीजापुर और सुकमा की पीड़ित महिलाओं की शिकायतों पर सीधी सुनवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी दीपिका शोरी, सह-प्रभारी ओजस्वी मंडावी एवं सरला कोसरिया उपस्थित रहेंगी। पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतों के लिए रायपुर स्थित आयोग के कार्यालय (शास्त्री चौक) में संपर्क कर सकती हैं। इसके अलावा सहायता के लिए वाट्सअप नंबर +91-9098382225 या ईमेल cgmahilaayog@gmail.com पर भी अपनी बात रखी जा सकती है।

## दुर्ग में भाजपा नेता के फार्महाउस में अफीम की खेती का आरोप, कांग्रेस ने उठाए बड़े सवाल



**सुकमा।** जिले के कांग्रेस नेताओं ने छत्तीसगढ़ में एक भाजपा नेता के फार्महाउस में कथित रूप से अफीम की खेती किए जाने के मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस नेता शेख सज्जार ने बताया कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में स्थित एक फार्महाउस में करीब 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया है। उनका आरोप है कि यह खेती भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के फार्महाउस में की जा रही थी।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि विनायक ताम्रकार भाजपा के दुर्ग जिला किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के राइस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प के प्रदेश संयोजक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के कई कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है और वह पार्टी के स्थापित नेताओं में शामिल रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि पुलिस द्वारा इस मामले में भाजपा नेता समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि भाजपा द्वारा संबंधित नेता को पार्टी से निष्कासित किए जाने को कांग्रेस ने केवल औपचारिक कार्रवाई बताया है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि इस पूरे मामले की गहन जांच कर यह पता लगाया जाए कि इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क या सिंडिकेट तो काम नहीं कर रहा है।

# मिचवार के साप्ताहिक बाजार में अब भी जारी वस्तु विनिमय, ग्रामीणों के शोषण पर उठे सवाल



**सुकमा।** जिले के मिचवार में लगे साप्ताहिक बाजार में वस्तु विनिमय (बार्टर सिस्टम) की परंपरा देखने को मिली। बाजार में ग्रामीणों से महुआ और इमली लेकर उसके बदले में आलू, प्याज और चावल दिए जा रहे थे। इस व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों के शोषण की आशंका भी सामने आई है। साप्ताहिक बाजार का निरीक्षण करने पहुंचे बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक मनीष कुंजाम ने देखा कि कई व्यापारी ग्रामीणों से महुआ और इमली के बदले एक किलो के बदले एक किलो आलू, प्याज या चावल दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बाजार में वस्तु के बदले वस्तु की अदला-बदली की जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि आलू का बाजार मूल्य लगभग 15 रुपये प्रति किलो और प्याज 22 रुपये प्रति किलो है। वहीं बाजार में इमली का मूल्य करीब 45 रुपये प्रति किलो और महुआ का मूल्य लगभग 40 रुपये प्रति किलो बताया गया। ऐसे में एक किलो महुआ या इमली के बदले कम कीमत वाली वस्तु देने से ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस स्थिति को देखते हुए बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक मनीष कुंजाम ने कहा कि आज के आधुनिक समय में भी बाजारों में इस प्रकार की असमान वस्तु विनिमय व्यवस्था जारी रहना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इससे अनजाने में ग्रामीणों का शोषण हो रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिले के साप्ताहिक बाजारों में इस तरह की व्यवस्था पर निगरानी रखी जाए और उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके और किसी भी प्रकार का शोषण न हो।

## परधान समाज के युवा अंकित सकनी ने यूपीएससी परीक्षा की क्रैक, जिला मुख्यालय में समाज ने किया भव्य स्वागत



**बीजापुर।** जिला मुख्यालय में परधान समाज के होनहार युवा अंकित सकनी द्वारा यूपीएससी परीक्षा क्रैक करने पर समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस उपलब्धि से पूरे परधान समाज में खुशी और गर्व का माहौल देखा गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में नगर में रैली निकाली। रैली के दौरान सभी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्टेच्यू पर पहुंचकर माल्यार्पण किया और उनके आदर्शों को याद किया। इसके बाद परधान समाज भवन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने अंकित सकनी को फूलमालाओं और शॉल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अंकित सकनी की यह सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणा है और इससे युवाओं को शिक्षा के प्रति आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। समाज के लोगों ने अंकित सकनी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से परधान समाज का नाम रोशन हुआ है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख पदाधिकारी, प्रकोष्ठ, महिला, युवा और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## डीएवी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**किरंदुल।** डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम अत्यंत उत्साह एवं गरिमा पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि उदिता श्रीवास्तव को पुष्पगुच्छ भेंट करके एवं तिलक लगाकर किया गया।

तत्पश्चात प्राचार्य के द्वारा सभी शिक्षिकाओं को पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में विद्यालय की शिक्षिकाओं ने पूरे जोश, उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, नृत्य, भाषण आदि के द्वारा कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। जिन्हें उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। प्राचार्य एस.के श्रीवास्तव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उक्त अवसर पर अत्यंत सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए। उन्होंने अर्धनारीश्वर का संदर्भ देते हुए बताया कि , अनादि काल से ही नारी पुरुष की प्रतियोगी नहीं बल्कि पूरक रही हैं। उन्होंने महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनका घर, परिवार और समाज के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। इस अवसर पर उपस्थित सभी के लिए भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था भी की गई थी।

समारोह में मुख्य अतिथि महोदया द्वारा गाया गीत अत्यंत प्रशंसनीय रहा। सभी शिक्षकों का सहयोग भी सराहनीय रहा। उन्होंने भी अपनी अभिनय कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में समस्त शिक्षिकाओं द्वारा प्राचार्य को साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## महिलाओं की आवाज बनेगी महा जन-सुनवाई दीपिका शोरी के प्रयास से बस्तर में बढ़ी न्याय की उम्मीद



**सुकमा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए महा जन-सुनवाई अभियान आयोजित किया जा रहा है।

यह अभियान 9 मार्च से 13 मार्च तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। बस्तर संभाग के मामलों की सुनवाई 13 मार्च को जगदलपुर में होगी, जहां आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के साथ बस्तर संभाग प्रभारी अधिवक्ता दीपिका शोरी और सदस्य सरला कोसरिया व ओजस्वी मंडावी महिलाओं के मामलों की सुनवाई करेंगी। इस सुनवाई में बस्तर संभाग के सात जिलों से प्राप्त महिला उत्पीड़न और अन्य शिकायतों पर विस्तृत सुनवाई की जाएगी। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली यह प्रक्रिया देर रात तक चल सकती है, ताकि अधिक से अधिक पीड़ित महिलाओं को राहत मिल सके। बस्तर संभाग प्रभारी दीपिका शोरी ने महिलाओं तक आयोग की पहुंच बढ़ाने के लिए लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद स्थापित किया है। सखी सेंटर, महिला सेल, नारी निकेतन और जेलों में बंद महिला कैदियों तक पहुंचकर उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को समझा और उन्हें न्याय की प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया। उनके इस प्रयास से अब बस्तर की महिलाएं खुलकर अपनी बात रखने के लिए आगे आ रही हैं।

# नक्सल प्रभावित सुकमा से उभरी सफलता की नई किरण अदिति राम ने सीए फाउंडेशन प्रथम प्रयास में किया उत्तीर्ण

**सुकमा।** वर्षों तक नक्सल हिंसा और पिछड़ेपन की पहचान से जूझते रहे सुकमा जिले के लिए यह गर्व और आशा का क्षण है। सुकमा निवासी शिक्षक अगस्टीन राम की सुपुत्री और एपीसी आशीष राम की भतीजी अदिति राम ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) की प्रतिष्ठित सीए फाउंडेशन परीक्षा को प्रथम प्रयास में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। अदिति राम बचपन से ही मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी छात्रा रही हैं। सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच भी उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास के बल पर उन्होंने सीए जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धी परीक्षा को पहले ही प्रयास में पास कर यह साबित कर दिया



कि सपनों को साकार करने के लिए परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि हौसले मायने रखते हैं।

उनकी इस सफलता पर पिता अगस्टीन राम, जो स्वयं शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, ने भावुक होकर कहा कि यह उनकी बेटी की मेहनत, लगन और परिवार के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अदिति आगे भी इसी समर्पण के साथ सीए की आगामी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर न केवल परिवार बल्कि पूरे सुकमा जिले का नाम देशभर में रोशन करेंगी।

दरअसल, सुकमा जिला लंबे समय तक नक्सल हिंसा और शैक्षणिक पिछड़ेपन की पहचान से जूझता रहा है। लेकिन समय के साथ अब तस्वीर बदल रही है। आज इसी सुकमा के बच्चे शिक्षा के माध्यम से नई ऊँचाइयों को छूते हुए जिले को एक नई पहचान दे रहे हैं। अदिति राम की यह सफलता उसी सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है, जो यह संदेश देती है कि कठिन परिस्थितियों के बीच भी प्रतिभा और मेहनत रास्ता बना ही लेती है। अदिति की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

लोगों का मानना है कि उनकी यह सफलता सुकमा जिले के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी और उन्हें भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। निश्चित ही अदिति राम की यह उपलब्धि सुकमा के बदलते भविष्य की एक उज्ज्वल कहानी है, जिस पर पूरे जिले को गर्व है।

### एएम/एनएस इंडिया की पहल से बस्तर के दूरस्थ गांवों में शिक्षा-स्वास्थ्य की नई रोशनी

**दंतेवाड़ा।** बस्तर अंचल के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के समग्र विकास के लिए आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) किरंदुल द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और खेल के क्षेत्र में विभिन्न पहलें की जा रही हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य स्थानीय समुदायों, विशेषकर बच्चों और युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। कंपनी के शिक्षा अभियान पढ़ेगा भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से दंतेवाड़ा के इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक

## संक्षिप्त समाचार

### बालक स्कूल की पोषण वाटिका दे रही है बच्चों को पोषण और पर्यावरण का संदेश



**रामानुजनगर।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय रामानुजनगर एवं पीएम श्री सेजेस रामानुजनगर के सामूहिक तत्वाधान में विद्यालय में विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने तथा उन्हें बागवानी के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में यूथ एवं ईको क्लब के अंतर्गत पोषण वाटिका का संचालन किया जा रहा है। इस पोषण वाटिका में टमाटर, गोभी, बैंगन, मिर्च, सरसों, मेथी, लाल भाजी तथा धनिया पत्ती जैसी विभिन्न प्रकार की सब्जियाँ उगाई जा रही हैं।विद्यालय में उगाई गई इन ताज़ी एवं पौष्टिक सब्जियों का उपयोग प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग में संचालित मध्यान्ह भोजन में किया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को ताज़ा एवं पौष्टिक भोजन मिल रहा है, साथ ही विद्यालय में जैविक खेती एवं बागवानी के प्रति विद्यार्थियों की रुचि भी बढ़ रही है।विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के सहयोग से पोषण वाटिका का नियमित रूप से देखभाल और रखरखाव किया जा रहा है। इस पहल से विद्यार्थियों को खेती एवं पौधों के संरक्षण की व्यवहारिक जानकारी भी प्राप्त हो रही है।इसके साथ ही विद्यालय परिसर को सुंदर एवं आकर्षक बनाने के लिए सजावटी पौधों की भी बागवानी की गई है। विद्यालय में गेंदा,सूरजमुखी,गुलाब,सदाबहर,गुड़हल सहित विभिन्न प्रकार के सजावटी फूलों के पौधे लगाए गए हैं,जो परिसर की शोभा बढ़ा रहे हैं।संस्था के प्राचार्य पी सी सोनी ने बताया कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों में बागवानी के प्रति रुचि बढ़ रही है तथा उन्हें पौधों के संरक्षण एवं पोषण संबंधी व्यवहारिक जानकारी भी प्राप्त हो रही है।इको क्लब के प्रभारी गोपाल सिंह ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिल सके।विद्यालय परिवार के द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया है।

### रामानुजनगर में मितानिनों का स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन संपन्न



**रामानुजनगर।** मितानिनों द्वारा आयोजित स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन व जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण और संक्रामक रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है। कार्यक्रम में मितानिनों ने मितानिन भवन, शौचालय व पुलिया निर्माण तथा वृक्षों की कटाई रोकने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई तथा बेहतर कार्य करने वाली मितानिन बहनों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राम प्रताप साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय, भाजपा नेता राजलाल राजवाड़े, जनपद सदस्य संध्या राजवाड़े, चंद्रकला उपाध्याय, मनोज हितकर, जिला महामंत्री सुंदर लाल सिंह, महामंत्री सौभाग्य दुबे, कोषाध्यक्ष विकास दुबे, मीडिया प्रभारी अनुप दुबे, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नारायण विश्वकर्मा, बीएमओ प्रियंका शर्मा, विजय सिंह,स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, सरपंचगण व मितानिन बहनें उपस्थित रहीं।

## आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए कर्मचारियों को किया जा रहा दक्ष

# विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में लोको पायलटों को दिया गया सीपीआर एवं फायर फाइटिंग का विशेष प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** रेल यात्रियों की सुरक्षित एवं संरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री राकेश रंजन के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री साकेत रंजन के निर्देशन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों के लिए आपातकालीन जीवन रक्षक सीपीआर एवं फायर फाइटिंग प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य रेल कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षित करना है, ताकि किसी भी दुर्घटना या आगजनी की स्थिति में समय रहते उचित कदम उठाकर नुकसान को कम किया जा सके। इसी क्रम में दिनांक 06 एवं 07 मार्च 2026 को विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र, उसलापुर में नागरिक सुरक्षा निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षु लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलटों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सुरक्षा मानकों के साथ-साथ अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान आग लगने की स्थिति में अग्निशमन यंत्र के प्रयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया तथा प्रतिभागियों से अभ्यास भी कराया गया, जिससे वे आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को सीपीआर के बारे में भी जानकारी दी गई। सीपीआर एक महत्वपूर्ण



आपातकालीन जीवन रक्षक तकनीक है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन अचानक बंद हो जाती है, जैसे हृदयाघात, बिजली का झटका, दम घुटना या गंभीर दुर्घटना की स्थिति में। इस तकनीक में निर्धारित तरीके से छाती पर दबाव देकर तथा कृत्रिम सांस देकर शरीर में रक्त और ऑक्सीजन के प्रवाह को बनाए रखने का प्रयास किया जाता है, जिससे पीड़ित व्यक्ति की जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को सीपीआर देने की सही विधि और आवश्यक सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई तथा इसका अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही आग से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताया गया। प्रतिभागियों को सलाह दी गई कि यदि आग पर नियंत्रण संभव न हो तो तुरंत निकटतम अग्निशमन केंद्र से संपर्क करें तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 को सदैव याद रखें। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों में सुरक्षा जागरूकता, आपदा प्रबंधन क्षमता और त्वरित प्रतिक्रिया कौशल को और अधिक सुदृढ़ बनाना है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा का परिचयात्मक बैठक संपन्न हुआ

**सूरजपुर।** भाजपा अटल कुंज कार्यालय सूरजपुर में आयोजित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्ष की परिचयात्मक बैठक भाजपा अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष मा.श्री अजय श्याम जी की अध्यक्षता एवं भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्यनारायण सिंह जी भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी जी,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल जी,रितेश गुप्ता, शशि गर्ग जी, राजेश्वर तिवारी जी,जिला पंचायत सदस्य नयन सिधार जी,युवा मोर्चा अध्यक्ष देव गुप्ता जी,सुरेश पाटले जी,भाजपा अजजा मोर्चा महामंत्री सुंदर सिंह व भोला सिंह की मुख्यतिथि में संपन्न हुई। इस प्रथम एवं परिचयात्मक बैठक में माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री




सत्यनारायण सिंह जी, माननीय जिला अध्यक्ष श्री मुरली सोनी जी एवं भाजपा अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय श्याम जी ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों एवं मंडल अध्यक्ष को बधाई ज्ञापित कर सफलतम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया पश्चात नई जिम्मेदारी को भाजपा संगठन के प्रति पूरी ईमानदारी निष्ठा एवं अनुशासन और समर्पण भाव से भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित महत्वकांक्षी योजनाओं को अँतिम पंक्ति के व्यक्ति तक ले जाने और सक्रिय रूप से काम करने को कहा। इस बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं मंडल के मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री की गरिमामय उपस्थिति रही।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर थाना भटगांव में महिलाओं का सम्मान

**सूरजपुर/ संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना भटगांव में महिलाओं के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी के नेतृत्व में थाना परिसर में महिला सशक्तिकरण और उनके योगदान को सम्मान देने की पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान थाना भटगांव में पदस्थ महिला स्टाफ पैरालीगल वालेंटियर तथा अन्य उपस्थित महिलाओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें उपहार एवं मिठाई देकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना और उनके प्रति सम्मान की भावना को



मजबूत करना था। थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने इस अवसर पर कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कार्यक्षमता से नई पहचान बना रही हैं। चाहे प्रशासनिक क्षेत्र हो, सामाजिक क्षेत्र हो या पुलिस विभाग, महिलाएं अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान महिला स्टाफ और पैरालीगल वालेंटियर्स ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं को सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं, जिससे वे और अधिक आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। थाना भटगांव द्वारा आयोजित यह सम्मान समारोह महिला शक्ति के प्रति आदर, सम्मान और प्रेरणा का संदेश देने वाला रहा।

## घर खाली करने को लेकर विवाद,गुस्साए पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले से महिला की हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. मकान मालिक के घर खाली करने की बात से नाराज आरोपी पति ने अपना सारा गुस्सा अपनी पत्नी पर निकाला. बेरहमी से मारपीट करते हुए पत्नी की हत्या कर दी. मृतिक की पहचान 37 साल पुष्पलता यादव के रूप में हुई. पूरा मामला सिविल लाइन थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, घटना रविवार दोपहर के करीब की बताई जा रही है. पुष्पलता अपने पति युवराज यादव के साथ नेहरू नगर स्कूल-33 में किराए के मकान में रहती थी. सुबह मकान मालिक ने उन्हें घर खाली के लिए कहा था. इसी बात पर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ. आरोपी पति ने गाली देते हुए मामला मारपीट करने लगा. बाथरूम के पास उसने पत्नी का सिर जोर से पटक दिया. सिर और चेहरे पर गंभीर चोट लगने के कारण पुष्पलता यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मौके पर एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची है. आरोपी की तलाश के लिए पुलिस जुट गई है. सिविल लाइन थाना प्रभारी एस आर साहू ने बताया कि मकान को 1 महीने के लिए किराए पर दिया गया था. रविवार को सुबह मकान मालकिन ने घर तोड़कर वापस बनवाने की बात कहकर घर खाली कराने की बात कही थी. मकान मालकिन और पत्नी की बात को आरोपी पति ने सुन ली.

## माशा रामपुर के प्रधानपाठक को गाड़ी के डिग्गी में ग्रामीणों ने मध्याह्न भोजन का चावल ले जाते हुए पकड़ा,बीईओ से शिकायत कर कार्यवाही की मांग

**सूरजपुर संवाददाता।** जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत माध्यमिक शाला रामपुर के प्रधानपाठक के ऊपर मध्याह्न भोजन का चावल चोरी करने का आरोप लगाया गया है। ग्राम पंचायत रामपुर के ग्रामवासियों व सरपंच प्रतिनिधि ने आरोप लगाया है कि राणागुप्ता प्रधान पाठक माध्यमिक शाला रामपुर जो कि दिनांक 3 मार्च 2026 को समय लगभग शाम 6.15 बजे को अपने कार नं0. छ्त्15 ई 3559 में माध्यमिक शाला रामपुर मध्यान्ह भोजन का चावल को 2 बोरी वजन 1 क्विंटल जिसे अपने वाहन में लोड करके किसी भी शिक्षक ,बच्चों के गैर मौजूद ?गी में अपने घर ले जा रहें थे। जिसकी सूचना रामपुर सरपंच प्रतिनिधि राजेश बियार को मिला।राजेश बियार के द्वारा उक्त चावल लोड वाहन को बीर सिंह के घर के पास रोकने का




प्रयास किये। परन्तु गुप्ता जी के द्वारा गाड़ी नहीं रोका गया, राजेश बियार द्वारा बाईक से पिछा करके उनकी गाड़ी को ब्रिजेश काशी के घर के पास रोका गया। उपस्थित पंचों व ग्रामवासियों द्वारा गाड़ी का डिग्गी खोलवाकर देखा गया। जिसमें 2 बोरी चावल मिला, राणा गुप्ता से पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान रामपुर के विक्रेता से इस संबंध में पूछा गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि 3 मार्च 2026 को ही यहाँ से 4 बोरी चावल ले गये है। संबंधित घटना की सूचना थाना पुलिस ओड़गी व विकास खंड शिक्षा अधिकारी ओड़गी को दे दी गई है। और दोषी के ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की गई। ओड़गी पुलिस व ओड़गी बीईओ के द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है। संबंधित घटना की शिक़ायत मुझे लिखित रूप में मिली है। यह चोरी का मामला है। जिसे पुलिस टीम जांच कर रही है। वहां से जैसे रिपोर्ट आता है हम दोषियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही करेंगे।

प्रदीप कुमार सिंह
विकास खंड शिक्षा अधिकारी ओड़गी

# महिला कल्याण समाज,एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह

**बिलासपुर।** एसईसीएल इंदिरा विहार स्थित महिला कल्याण समाज द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री शेख जाकिर हुसैन, उप महाप्रबंधक, एसईसीएल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी एवं ऊर्जावान संबोधन से उपस्थित महिलाओं को उत्साहित किया तथा उन्हें आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अरुण अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर एवं यूट्रस कैंसर जागरूकता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा स्वस्थ जीवन के लिए सही खान-पान, नियमित जांच और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के उपाय बताए। इस अवसर पर समाज सेविका लता गुप्ता, विनीता राव एवं सुनीता मणिपुरी ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं कृति गंगाजली ने नारी शक्ति पर अपनी



स्वरचित कविता प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही और सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद लिया। यह कार्यक्रम महिला कल्याण समाज की सचिव श्रीमती माधुरी तिवारी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहसचिव रेहाना खान सहित कविता घोष, कृति गंगाजली, सुप्रभा आचार्य, पुष्पा पटेल, सरिता चौहान, सरोज वस्त्रकार, ज्योति उपाध्याय, बबिता मिश्रा, संतोषी मेहता, हेमलता कश्यप, आभा पांडेय, सरला शर्मा, सीमा दिग्रास्कर, रजनी श्रीवास, रेखा गुल्ला, शैफाली घोष, शालू दुबे, माया कापले, शशि सोनी, माधुरी कौशिक, हिमेश्वरी राठौर, भारती सिन्हा, सुषमा महतो, फरीदा हुसैन, दिव्या भौमिक, कीर्ति साहू, किरणबाला पांडेय, दुर्गेश साहू, किरण ठाकुर, भानुमति नेताम, माया राव, लक्ष्मी, नीरा देवी, सुदर्शन सोंटके, सविता शर्मा, प्रभा शुक्ला आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रीति, रवि एवं रजनी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। गीत-संगीत, रंग-गुलाल, हंसी-मजाक और उत्साह के साथ होली मिलन एवं महिला दिवस का रंगारंग कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## रायगढ़ के साहित्यकार बसंत राघव को प्रतिष्ठित विलासा साहित्य सम्मान

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, साहित्य, कला, जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए पिछले 37 वर्षों से निरंतर सक्रिय अग्रणी संस्था बिलासा कला मंच द्वारा आयोजित 36वां बिलासा महोत्सव 14 और 15 मार्च को गोलबाजार स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोक कलाकार अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोकजीवन की समृद्ध परंपरा को मंच पर साकार करेंगे। संस्था के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि लोककलाओं को मंच उपलब्ध कराने और उनके संरक्षण-संवर्धन के उद्देश्य से यह महोत्सव वर्षों से आयोजित होता रहा है। पहले यह आयोजन तीन दिन का होता था, जिसे अब दो दिन में समेटा गया है, किंतु इसकी सांस्कृतिक गरिमा और विविधता यथावत है। महोत्सव का शुभारंभ 14 मार्च को शाम 7 बजे होगा। पहले दिन रायपुर के लोककलाकार गौतम चौबे और उनकी टीम छत्तीसगढ़ की पारंपरिक ददरिया और नाचा की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद राजनांदगांव की लोकगायिका हिमानी वासनिक और उनके साथी कलाकार भर्तृहरि गायन प्रस्तुत करेंगे। बिलासपुर के रामावतार चंद्राकर और उनके कलाकार दल द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत और नृत्य की रंगझाझर प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही बीएम स्कूल सिरगिट्टी के विद्यार्थियों का समूह नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहेगा।



जरूरत से अधिक एंटीबायोटिक का सेवन आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे आपको डायरिया जैसी पेट की बीमारियां हो सकती हैं। गलत एंटीबायोटिकलेना भी एक समस्या बन सकता है अगर आपको उस दवा से एलर्जी है तो।

# ज्यादा एंटीबायोटिक लेने से हो सकती हैं पेट की गंभीर बीमारियां

रोजाना की दौड़ती–भागती जिंदगी में अक्सर हम लोग सरदर्द, पेटदर्द या बुखार होने पर बिना डॉक्टर की सलाह लिए कोई भी एंटीबायोटिक दवा ले लेते हैं और तबीयत ठीक होने पर अक्सर ऐसा करते रहते हैं लेकिन चिकित्सकों ने जरूरत से अधिक एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करने पर डायरिया जैसी पेट की गंभीर बीमारियां होने की चेतावनी दी है। जरूरत से अधिक एंटीबायोटिक का सेवन आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे आपको डायरिया जैसी पेट की बीमारियां हो सकती हैं। गलत एंटीबायोटिकलेना भी एक समस्या बन सकता है अगर आपको उस दवा से एलर्जी है तो। किसी भी एंटीबायोटिक का गलत या जरूरत से अधिक इस्तेमाल कई परेशानियां खड़ी कर सकता है जैसे कि इंफेक्शन जल्दी ठीक न हो पाना आदि। इससे ऐंटीबायोटिक रेसिस्टेंट ऑर्गेज्मस भी विकसित हो सकते हैं। अगर आप बिना डॉक्टर की सलाह के कोइ ऐन्टीबायोटिक



लगातार लेते रहेंगे तो यह खतरा बहुत बढ़ सकता है। वर्तमान में एंटीबायोटिक प्रतिरोधक क्षमता विश्व के सबसे बड़े स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बन गयी है। हमें अधिक से अधिक लोगों को एंटीबायोटिक्स के सही उपयोग और उसके फंक्शन के बारे में बताना चाहिए ताकि इस समस्या का निदान हो सके। हमें इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के मुताबिक, एंटीबायोटिक दवाएं, वायरस संक्रमण को रोकने और इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली दवाएं हैं। एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब होता है, जब इन दवाओं के उपयोग के जवाब में बैक्टीरिया अपना स्वरूप बदल लेता है। डब्लूएचओ) के मुताबिक, ''बिना जरूरत के एंटीबायोटिक दवा लेने से एंटीबायोटिक प्रतिरोध में वृद्धि होती है, जो कि वैश्विक स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध संक्रमण से मरीज को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने, इलाज के लिए अधिक राशि और बीमारी गंभीर होने पर मरीज की मौत भी हो सकती है।'' डब्लूएचओ के मुताबिक, एंटीबायोटिक प्रतिरोध संक्रमण किसी भी देश में किसी भी आयुवर्ग और किसी को भी प्रभावित कर सकता है। साथ ही जब बैक्टीरिया एंटीबायोटिक के प्रतिरोध हो जाता है तो आम से संक्रमण का भी इलाज नहीं किया जा सकता।



# संतरे का जूस, पत्तेदार हरी सब्जियां खाने से बुढ़ापे में बनी रहेगी याददाश्त

जो पुरुष हरी पत्तेदार सब्जियां, गहरे नारंगी और लाल रंग वाली सब्जियां, बेरीज (स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी) खाते हैं तथा संतरे का जूस पीते हैं, उनके बुढ़ापे में याददाश्त खोने का खतरा कम हो जाता है। एक शोध से यह जानकारी मिली है।

शोध के निष्कर्षों से पता चलता है कि जो पुरुष बुढ़ापे से 20 साल पहले ज्यादा मात्रा में फल और सब्जियां खाते हैं, उनमें सोच और याददाश्त से जुड़ी परेशानियां कम होती हैं, चाहे वे बाद में अधिक मात्रा में फल और सब्जियां खाएं या नहीं।

जो पुरुष अधिक सब्जियों का सेवन करते हैं उनमें कमजोर सोच कौशल विकसित होने की संभावना उन पुरुषों की तुलना में 34 फीसदी कम होती है, जो कम मात्रा में सब्जियों का सेवन करते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो पुरुष रोजाना संतरे का जूस पीते हैं उनमें कमजोर सोच कौशल विकसित होने की संभावना उन पुरुषों की तुलना में 47 फीसदी कम होती है, जो महीने में कम से कम एक बार भी संतरे के जूस का सेवन नहीं करते हैं। हावर्ड यूनिवर्सिटी के बोस्टन स्थित टी.एच.चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के चांगझेंग यूआन ने कहा, ''इस शोध की सबसे खास बात यह थी कि हमने प्रतिभागियों का 20 साल की अवधि तक अध्ययन किया। हमारे शोध से इस संबंध में और पुख्ता सबूत सामने आएं हैं कि दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए सही खानपान महत्वपूर्ण है।'' यह शोध न्यूरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित किया है। यह शोध कुल 27,842 पुरुषों पर किया गया, जिनकी औसत उम्र 51 साल थी। इनमें 55 फीसदी प्रतिभागियों की अच्छी याददाश्य देखी गई, जबकि 38 फीसदी की ठीकठाक याददाश्त थी और केवल 7 फीसदी प्रतिभागियों की याददाश्त कमजोर थी।



# सेहत के लिए बढिया नींद है बेहद जरूरी

अच्छी नींद के लिए न सिर्फ आपका स्लीपवेयर अहम भूमिका निभाता है, बल्कि इसके लिए तनाव मुक्त होना भी जरूरी है। अच्छी नींद के साथ आपकी त्वचा रिजूविनेट होती है। अच्छी नींद पाने के संबंध में ये सुझाव हैं



- स्कैल्प को ऐसी चीज की सहायता से हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी है, जो इसे पोषण प्रदान करता हो। नियमित रूप से किया गया ट्रीटमेंट बालों के डैमेज कंट्रोल में अहम भूमिका निभाता है और आपको रूखे व दोमुंहे बालों से छुटकारा दिलाता है। बेहतर हेयर ट्रीटमेंट और सैटिन सॉफ्ट तकिए के इस्तेमाल से नींद अच्छी आती है।
- तनाव को कम करने व अच्छी नींद के लिए बालों को बांधकर लूज जूड़ा बना लें या ढीली चोटी बना लें।
- टी ट्री ऑयल से नियमित रूप से सिर की मालिश करने से रक्त परिसंचरण ठीक रहता है और बाल स्वस्थ रहने के साथ ही तनाव से भी छुटकारा मिलता है। बालों को पोषण मिलता है। हल्के हाथों से सिर का मसाज करने से अच्छी नींद आती है।
- रात में सोते समय स्टाइलिश और आरामदायक स्लीपवेयर पहनें। सर्द रातों के लिए सैटिन कपड़े वाला स्लीपवेयर उपयुक्त रहेगा। आप रंगीन व बेहतरीन प्रिंट वाले स्लीपवेयर पहन सकती हैं।



# चेहरे पर सुबह-सुबह क्यों आती है सूजन

**अक्सर सुबह कभी कभी उठकर चेहरे को आईने में देखने पर सूजन दिखाई देता है। यह समस्या बहुत ज्यादा लोगो के साथ होती है। ज्यादातर लोग इस सूजन का कारण नहीं समझ पाते हैं। यह सूजन थोड़ी देर के बाद हट जाती है।**

- आज हम सुबह–सुबह चेहरे और आंखों के आसपास आने वाली सूजन के कुछ कारणों के बारे में बताने जा रहे हैं। आखिर चेहरे और आंखों के आसपास क्यों आती है सूजन, आइए जानते है।
- अधिक मात्रा में चीनी और नमक का सेवन करने से भी सुबह–सुबह चेहरे पर सूजन आ सकती है। अधिक मात्रा में चीनी और नमक का सेवन करने से शरीर में वाटर रिटेंशन की समस्या हो जाती है।
- वातावरण में फैला प्रदूषण, धूल मिट्टी के संपर्क में रहना, खाने से एलर्जी, इम्युनिटी पावर का कमजोर होना सूजन के कारण हो सकते हैं।
- इन चीजों के कारण छींक आना, नाक बहना, कफ का जमा होना, आंखों के साथ–साथ चेहरे पर भी सूजन दिखाई देने लगती है।
- जिन लोगों को साइनस की समस्या रहती है उनके चेहरे पर भी सुबह के समय सूजन दिखाई देती है। साइनस के कारण हवा की जगह कफ जमा होने लगता है जिससे साइनस बंद हो जाता है और चेहरे पर सूजन आ जाती है।



# सिर्फ स्वाद के लिए नहीं है चॉकलेट बनाती है सेहत भी

अपनों के बीच खुशियां बांटना हो तो चॉकलेट से अच्छा ऑप्शन नहीं। चॉकलेट सिर्फ बच्चों की ही पसंददी नही बल्कि लेकर बडों को भी खूब भाती है। प्यार का इजाहर करना हो या रूठी गर्लफ्रेंड को मनाना हो तो चॉकलेट बेस्ट ऑप्शन है। खाना खाने के बाद कुछ मीठा खाना हो तो चॉकलेटअरे जनाब इस चॉकलेट सिर्फ रूठने–मनाने के काम ही नहीं आती। बल्कि इसमें सेहतभरे फायदे भी समाएं हैं जिन्हें जानकर आप हो जाएंगे हैरान.चॉकलेट कोको के बीजों से निर्मित एक कच्चा या संसाधित भोज्य पदार्थ है। कोको के बीजों का स्वाद अत्यन्त कडवा होता है। जो सेहत के लिए स्वास्थ्यवर्धक है। लेकिन ज्यादा मात्रा में चॉकलेट खाना हेल्थ के लिए अच्छा नही होता है। अगर थोडी मात्रा में चॉकलेट खाने पर यह दवा का काम करती है। तो आइये जानते हैं चॉकलेट खाने की खूबियों को बारे में। खांसी दे आराम–चॉकलेट खांसी में भी बहुत लाभकारी है। लंचन के चिकित्सा रिसर्च के अनुसार कोको में मिलने वाले थियोब्रोमाइन तत्व से भरपूर ऐसी चॉकलेट तैयार की है। जिसे खाकर खांसी से छुटाकारा पाया जा सकता है। इनमें मौजूद कोकोआ में फ्लैनेनॉल्स रहते हैं, जो रक्त नलिकाओं की कार्यप्रणाली को दुरूस्त रखते हैं। आपकी ब्लड वैसेल्स स्वस्थ होगी और सही ढंग से काम करेंगी, तो जाहिर है ब्लड प्रेशर, टाइप–2 डायबिटीज, किडनी प्रॉब्लम और डिमेंशिया जैसी बीमारियां आपसे दूरी बना कर रखेंगी। आप लम्बी आयु तक फिट एंड फाइन रहेंगी। चॉकलेट खाने से बॉडी एंडोफिजिन नाम का हार्मोन उत्सर्जित होता है। चॉकलेट खाने से दर्द कम होता है। यह एक तरह का पेनकिलर है। बॉडी को दे एनर्जी–जिन लोगों को अचानक चक्कर आने या ब्लड प्रेशर लो होने की परेशानी हो, उन्हें हमेशा अपने पास चॉकलेट रखना चाहिए।



# शक्ति प्रदर्शन या बड़ी साजिश का पर्दाफाश? विधायक रिकेश सेन के कार्यक्रम में 22 हजार महिलाओं का सम्मान, मंच से हत्या की साजिश का खुलासा






**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के शांति नगर दशहरा मैदान में जनसैलाब उमड़ पड़ा। मौका था विधायक रिकेश सेन द्वारा आयोजित 'विधायक की शक्ति' योजना के भव्य कार्यक्रम का, जहाँ लगभग 22 हजार महिलाओं को सम्मानित किया गया। लेकिन इस उत्सव के बीच विधायक द्वारा अपनी हत्या की साजिश को लेकर किए गए खुलासे ने पूरे प्रदेश के गलियारों में सनसनी फैला दी है।

**मंच से हुआ बड़ा खुलासा: ÷2 साल से रची जा रही थी हत्या की साजिश÷**-कार्यक्रम के दौरान उस वक्त सन्नाटा पसर गया जब विधायक रिकेश सेन ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर खुलासा किया। उन्होंने सार्वजनिक रूप से बताया कि पिछले दो वर्षों से कुछ असामाजिक तत्व उनकी हत्या की साजिश रच रहे थे।

श्री सेन ने इस साजिश में शामिल चेहरों और उनके मंसूबों का जिक्र करते हुए हुंकार भरी कि ऐसी धमकियां उन्हें जनसेवा के मार्ग से पीछे नहीं हटा पाएंगी।

**विधायक की शक्ति' से सशक्त हुई महिलाएं**-महिला सशक्तिकरण की दिशा में विधायक की इस अनूठी योजना के तहत शिक्षा, समाज सेवा और स्वरोजगार के क्षेत्र में मिसाल पेश करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी 22 हजार महिलाओं को स्मृति चिन्ह और विशेष उपहार भेंट किए गए। उपहार पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने इस पहल को आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम बताया।

**ऐतिहासिक उपस्थिति और सुरक्षा के कड़े इंतजाम**-दशहरा मैदान में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के बीच देर शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

इस विशाल आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और भारी संख्या में वैशाली नगर के निवासी मौजूद रहे। विधायक ने स्पष्ट किया कि 'विधायक की शक्ति' योजना का मूल उद्देश्य हर महिला को सुरक्षित और सशक्त महसूस कराना है।

**दुर्ग जिला न्यायालय में महिला दिवस समारोह**

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वरिष्ठ महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के आदेश के पालन में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर जिला न्यायालय दुर्ग में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति माननीय मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय श्री रमेश सिन्हा के प्रेरणादायी विचारों से प्रेरित होकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायालयीन परिसर में कार्यरत महिला कर्मियों के योगदान को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान जिला न्यायालय दुर्ग के वरिष्ठ महिला कर्मचारीगण को उनके दीर्घकालीन सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्यायालय परिवार के सदस्यों ने महिला सशक्तिकरण एवं समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करने तथा उनके सम्मानपूर्वक जीवन जीने के अधिकार को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त सप्तदश व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी, दुर्ग द्वारा इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम "GIVE TO GAIN" पर अपना प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और परस्पर सम्मान की भावना को बढ़ावा देकर ही वास्तविक प्रगति और सशक्तिकरण संभव है।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा अपने संदेश में कहा गया कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सहभागिता से समाज और न्याय व्यवस्था अधिक संवेदनशील एवं सशक्त बनती है। उन्होंने अपने संदेश में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 जैसे महत्वपूर्ण कानूनों का उल्लेख करते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम "GIVE TO GAIN" का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में सम्मान, सहयोग और संवेदनशीलता प्रदान करने से ही एक सशक्त एवं समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग की महिला प्रतिनिधि ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और समान अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समुदाय महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का समापन उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महिला सम्मान और समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के साथ हुआ। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं को पुरुष अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गुलाब का फूल एवं चॉकलेट भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का संदेश एवं इस वर्ष की थीम "GIVE TO GAIN" को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक रंगोली एवं हैण्डक्राफ्ट डिजाइन भी बनाई गई तथा प्रतिभागियों के लिए एक सेल्फी जोन भी तैयार किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर द्वारा किया गया महिला पत्रकारों का सम्मान




**भिलाई।** न्यू प्रेस क्लब का भिलाई नगर द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भिलाई में कार्यरत महिला पत्रकारों का सम्मान किया गया। प्रेस क्लब भवन नेहरू रोड सुपेला में आयोजित इस सम्मान समारोह में भिलाई आईबीसी ब्यूरो कोमल धनेसर, पत्रकार अनुभूति भाकरे, हरिभूमि की रिपोर्टर संगीता मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ क्रॉनिकल भिलाई की ब्यूरो प्रमुख भावना पांडे मैडम का सम्मान किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महिला पत्रकारों के सम्मान समारोह में न्यू प्रेस क्लब आफ भिलाई नगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने मौजूद पत्रकारों का स्वागत किया। महिला पत्रकारों के सम्मान में उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला पत्रकारों ने न्यू प्रेस ऑफ भिलाई नगर की नई कार्यकारिणी द्वारा आयोजित इस समारोह के सराहना की। पत्रकार कोमल दर्शन ने कहा अपनों के बीच सम्मान पाना गर्व का विषय है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई सम्मान समारोह आयोजित हुए जिनमें से प्रेस क्लब द्वारा आयोजित या सम्मान समारोह हमारे लिए बेहद खास रहा। हरिभूमि की पत्रकार संगीता मिश्रा ने कहा कि उन्हें या सम्मान पाकर बेहद खुशी मिली है इस आयोजन के लिए उन्होंने पूरे प्रेस क्लब को बधाई दी। पत्रकार अनुभूति भाकरे ने कहा कि इस सम्मान से अभिभूत हूं। सप्ताह भर के भीतर नई कार्यकारिणी का यह सराहनीय कार्यक्रम है।

कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन कार्यकारिणी सदस्य सर्वेश सिंह द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील चौहान ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष जयप्रकाश आर्य, कार्यालय सचिव मोहन राव, सचिव जोगिंदर सिंह व गौकरण निषाद, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार आर्य, पी मोहन, सोनू यादव, सुरेन्द्र ठाकुर, योगेश वर्मा, मिथिलेश ठाकुर व सुबोध तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## भिलाई-दुर्गः राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज ने 'मातृ शक्ति' को किया नमन, शिक्षा क्षेत्र की दिग्गज विभूतियों का सम्मान





**भिलाई/दुग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज (भिलाई-दुर्ग) द्वारा समाज की गौरवशाली महिलाओं के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाली दो प्रमुख विदुषी महिलाओं–श्रीमती विभा झा (प्राचार्या, के.एच. मेमोरियल स्कूल) और श्रीमती सविता त्रिपाठी (प्राचार्या, के.पी.एस. पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर) के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें आत्मीय रूप से सम्मानित किया।

**शिक्षा की मशाल थामे नारी शक्ति का वंदन**-सम्मान समारोह के दौरान समाज के पदाधिकारियों और महिला प्रकोष्ठ की प्रतिनिधियों ने दोनों प्राचार्याओं को पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर उनकी सेवाओं की सराहना की। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने कहा, ÷ये महिलाएं शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा दे रही हैं। बड़े विद्यालयों का कुशल संचालन कर रही इन विदुषियों को सम्मानित करते हुए समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी अद्भुत शक्ति हर बाधा को दूर करने में सक्षम है।÷

**सम्मानित महिलाओं ने जताया आभार**-सम्मान ग्रहण करते हुए श्रीमती विभा झा ने कहा कि समाज द्वारा दिया गया यह मान उनके लिए अत्यंत सुखद है।

वहीं, श्रीमती सविता त्रिपाठी ने समाज का धन्यवाद करते हुए भविष्य में सामाजिक कार्यों के लिए हर संभव सहयोग का संकल्प दोहराया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कनक लता दुबे ने इस पहल को समाज के लिए एक नई दिशा बताया और सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ की भारी संख्या में प्रतिनिधिगण और गणमान्य सदस्यों ने समाज में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर शिक्षा विद मदन मोहन त्रिपाठी , कृष्णा देवी त्रिपाठी, समाजसेवी के के झा महिला प्रकोष्ठ की प्रतिनिधि एवं सरपंच कनक लता दुबे, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही,ईश्वर चंद त्रिपाठी ,अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी, शैल किरण मिश्रा, शीतल दुबे, काजल मिश्रा, दीपक मिश्रा, नरेश चौरे, अरविंद तिवारी, विनोद उपाध्याय, रमेश शर्मा, रूपेंद्र दुबे, ओम प्रकाश मिश्रा, दिनेश मिश्र, राकेश दूबे, ब्रजमोहन तिवारी, किशोर तिवारी, अतुल शर्मा, अनुपमा उपाध्याय, रीता चौबे, कविता मिश्र, राजेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे, कार्य क्रम का संचालन विनोद उपाध्याय महासचिव ने किया, आभार प्रदर्शन ओम प्रकाश मिश्रा ने किया।

## भगवा पार्टी द्वारा आयोजित मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम, मातृ शक्ति भगवा पार्टी की आधार- देवेश मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष

**मातृ शक्ति के बिना जीवन संभव नहीं - विष्णु पाठक**





**दुर्ग/भिलाई।** भगवा पार्टी द्वारा ÷मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम÷ अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्पन्न हुआ।भगवा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी हीरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकार,शिक्षा,धर्म,व्यापार समाज सेवा में अपनी सेवाएं दे रही मातृ शक्ति का सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विष्णु पाठक ने कहा कि मातृ शक्ति के बिना जीवन असम्भव है। प्रत्येक स्थान पर नारी की महत्ता निहित है। सीताराम, लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण सभी कोई नाम भी हो,उनकी शुरुआत नारी शक्ति से ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने कहा कि मातृ शक्ति भगवा पार्टी की आधार है। सनातन धर्म परंपराओ को अनवरत बनाये रखने संवर्धन करने का कार्य हमारी माताएँ बहनें अपने कार्यक्षेत्र में भी व्यस्त रहते हुए कर रही है वह हम सबके लिए गौरव की बात है। समाज को देश को सनातन धर्म अनुसार मार्गदर्शन देने में मातृ शक्ति का अतुलनीय योगदान है। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ दुर्गा उपासक पंडित धीरज शुक्ला के मुखारविन्द से माँ दुर्गा की विशाल छायाचित्र की पूजा के साथ हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी एवं सनातन धर्म के प्रणेता विष्णु पाठक एवं अध्यक्षता भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा,विशिष्ट अतिथि रमेश शर्मा,सीताराम ठाकुर,अतुल नंद शुक्ला,मीना बिष्ट, हीरेन्द साहू, वरुणेशवर पाण्डेय के द्वारा माँ दुर्गा की पूजा,आरती की गई।इस दौरान पूरा वातावरण भगवा मय हो गया और जय माता दी, जय सियाराम के नारों से सभी में अपार उत्साह का संचार हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला से किया गया। कार्यक्रम को विशेष अतिथि रमेश शर्मा संस्थापक बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान नूतन साहू एवं नीतू बंछोर सांस्कृतिक धार्मिक अध्यात्म क्षेत्र,टी जया रेड्डी पूर्व पार्षद एवं एम आई सी समाज सेवा व कला क्षेत्र,डा मीता डे प्रसिद्ध गायनेकोलोजिस्ट, डा नेहा बत्रा प्रसिद्ध फिजियोथेरिपिस्ट एवं डा प्रभा पटेरिया लोकप्रिय जनरल फिजिशियन चिकित्सा क्षेत्र, गायत्री उपाध्याय एवं वर्षा जैन वकालत क्षेत्र, वीणा दुबे पत्रकारिता क्षेत्र,नम्रता वर्मा इंटीरियर डिज़ाइनर इंजीनियरिंग क्षेत्र,कल्पना स्वामी शिक्षा खेल सांस्कृतिक एवं समाज सेवा क्षेत्र,छाया श्रीवास्तव,निशा यादव, ममता गुरुंग,टाटा शोभा एवं आभा ठाकुर सामाजिक समूह विभिन्न महिला संगठन समाज सेवा कार्य, डॉ बृजलता शर्मा, शुभ्रा रस्तोगी, किरण शर्मा,अंजना सिंह एवं आराधना पाण्डेय साहित्य शिक्षा एवं निर्धन बच्चों की जिम्मेदारी जैसे कार्यक्षेत्र के साथ साथ युवाओं को सनातन धर्म के मार्ग पर चलने प्रेरित करने वाली सफल वक्ता राखी भंडारी को भव्य चुन्नी,प्रशस्ति पत्र एवं मातृ शक्ति का प्रतीक चिन्ह,भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान सभी मातृ शक्तियों ने अपने कार्य क्षेत्र के अनुभव भी साझा किये।कार्यक्रम का सफल संचालन युवा नेत्री राखी भंडारी ने एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष हीरेन्द्र साहू ने किया।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com